तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 8.2 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार 11 जनवरी 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



12 राष्ट्रवादी विचारधारा पर काम करती है भाजपा





13 आस्था और गौरवशाली इतिहास का उत्सव है सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-विधायक ललित चंद्राकर









खबर संक्षेप

## बाइक चोरी करने वाले तीन धरे गए, भेजा जेल



**भिलाई।** बाइक चोरी करने वाले युवक व दो अपचारी बालको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने बाइक जब्त किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि ऑपरेशन विश्वास के तहत उतई पुलिस ने ग्राम तिलदा रनचिरई निवासी रवि कुमार देशलहरे ने शिकायत किया था कि उसकी बाइक सिकोलाभाठा से तिलोदा अपने बाइक सीजी 07 बीडब्लू 7150 से जा रहा था। रात को उमरपोटी तालाब उतई के पास पहुंचा था। तभी टायलेट करने के लिए बाइक को तालाब किनारे खड़ा किया। जब टायलेट से वापस आया तो बाइक गायब मिला। आसपास तलाश करने पर बाइक नहीं मिलने पर उतई पुलिस थाने में शिकायत किया। मुखबिर की सूचना पर बाजार चौक उतई में कुछ युवक अपने पास रखे बाइक को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। एसीसीयू व उतई पुलिस बाजार चौक उतई पहुंची। युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। युवकों ने तीन स्कूटी एक बाइक रायपुर के विभिन्न स्थानो से चोरी करना स्वीकार किया। पेट्रोल खत्म हो जाने से मरोदा रेल्वे स्टेशन में खड़ी कर फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपी आशीष चतुर्वेदी व दो अपचारी बालक की निशादेही पर वाहनों को जब्त किया गया। जब्त वाहनों की कीमत 1.55 लाख रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में निरीक्षक महेश ध्रुव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

बेलगाम स्पीड

मुरम और रेत का अवैध परिवहन, जांच के नाम पर चालानी कार्रवाई

# उतई से पाटन मार्ग पर हर दिन दौड़ रही मौत, देमार व कौही में हाईवा की चपेट में आने से दो ने गंवाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई/पाटन/रानीतराई

उतई से पाटन होकर धमतरी मार्ग इन दिनों मुरम और रेत के अवैध परिवहन का अड्डा बन गया है। 24 घंटे इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही बनी हुई है। तेज रफ्तार वाहन दौड़ रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत भी की जा रही है, लेकिन अब तक सुनवाई नहीं हुई है। इसके कारण लगातार हादसे सामने आ रहे हैं। पिछले दो दिनों के अंदर दो लोग सड़क हादसे में जान गंवा चुके हैं। पहली घटना ग्राम देमार में घटित हुई, जिसमें तेज रफ्तार हाईवा ने अर्क सिंह नामक युवक को अपनी चपेट में ले लिया। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जो थोड़ी देर बाद उसकी मौत हो गई। एक अन्य घटना ग्राम कौही के पास घटित हुई, जहां हाईवा ने कुरुद निवासी शिक्षिका मधुबाला चंद्राकर को कुचल दिया। वह ग्राम बगौद स्कूल में पदस्थ थी। इन दोनों घटनाओं के बाद ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। ग्रामीणों ने कहा कि रात में वाहनों की रफ्तार और अधिक बढ़ जाती है। सकरी सड़कों पर भी वाहन बेधड़क दौड़ रहे हैं। सेलूद, फुंड, पाटन, कौही सहित अन्य स्थानों पर सबसे ज्यादा घटनाएं होती हैं। बहरहाल पुलिस ने दोनों ही मामलों में अपराध दर्ज कर लिया है।

### शिक्षिका जा रही थी मायके आमालोरी, हो गई शिकार




रानीतराई–भखारा मुख्य मार्ग अंतर्गत ग्राम कौही में एक बार फिर रफ्तार और लापरवाही ने एक परिवार की खुशियां छीन ली। शनिवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में कुरूद निवासी एक शिक्षिका की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा इतना भयावह था कि घटनास्थल पर मौजूद लोग सिहर उठे। मृतका मधुबाला बगौद में पदस्थ शिक्षिका थीं। अपनी एक्टिवा सीजी 05 एजी 1468 से अपने मायके ग्राम आमालोरी जा रही थी। जैसे ही वे ग्राम कौही के पास पहुंची, तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक हाईवा ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शिक्षिका को संभलने का मौका तक नहीं मिला और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद हाईवा चालक मौके से फरार हो गया, जबकि सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के ग्रामीण और राहगीर तत्काल मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा और शव को अपनी कब्जे में ले लिया। ग्रामीणों का कहना है कि रानीतराई-भखारा मार्ग पर भारी वाहनों की बेलगाम रफ्तार आए दिन जानलेवा साबित हो रही है, लेकिन न तो प्रशासन की ओर से सख्ती दिखाई दे रही है और न ही यातायात नियमों का पालन कराया जा रहा है। हाईवा और ट्रकों की मनमानी से यह मार्ग मौत का रास्ता बनता जा रहा है।

### हॉस्पिटल में भर्ती दादी को देखकर लौट रहा था युवक

तेज रफ्तार से आ रही एक हाईवा ने बाइक सवार को चपेट में ले लिया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक ने दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने हाईवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पाटन पुलिस ने बताया कि दुर्ग-पाटन मुख्य मार्ग ग्राम देमार के पास 8 जनवरी की रात अर्क सिंह नामक युवक बाइक से शंकराचार्य अस्पताल भिलाई से घर जा रहा था। अर्क सिंह अस्पताल में भर्ती अपनी दादी को देखकर पाटन स्थित शासकीय अस्पताल क्वार्टर स्थित मकान में लौट रहा था। तभी राजू ढाबा के पास पीछे से आ रहे हाइवा सीजी 07 बीपी 7880 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार अर्क सिंह को टक्कर मार दी। घटना में अर्क सड़क पर ही गिर पड़ा हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल



युवक को पाटन पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक बनी थी। 9 जनवरी की रात उपचार के दौरान अर्क ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना में अर्क के सिर, चेहरे और शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई थी। मृतक अर्क सिंह की पत्नी पाटन शासकीय अस्पताल में नर्स के पद पर कार्यरत हैं। मृतक पूर्व में काम की तलाश में मुंबई गया था। पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा के मुताबिक मृतक के पिता विजय बहादुर सिंह पाटन पुलिस थाने में हाइवा चालक के खिलाफ शिकायत किया है। उसके खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### उतई-पाटन मार्ग पर लगातार हादसे लेकिन सुरक्षा के नाम पर खानापूर्ति



ग्रामीणों ने बताया कि उतई-पाटन मार्ग पर लगातार सड़क हादसे सामने आ रहे हैं। इसके अलावा पाटन से अभनपुर मार्ग, रानीतराई, कौही मार्ग पर भी हादसे हो रहे हैं। रेत और मुरम के भारी वाहन इसी मार्ग से गुजरते हैं। पुलिस और आरटीओ की नजर से बचने के लिए हाईवा चालक इस मार्ग का इस्तेमाल लंबे समय से कर रहे हैं। समय-समय पर पुलिस और आरटीओ जांच भी करती है, लेकिन यह जांच और कार्रवाई महज खानापूर्ति तक सीमित है। इस वजह से हाईवा चालक बेखौफ हैं। यही हादसे की वजह बन रही है। जानकारी के मुताबिक इस मार्ग पर सालभर के अंदर 20 से ज्यादा घटनाएं सामने आ चुकी है।

## सड़क पर कार के बोनेट में केक रख कटार से काटा, अपराध दर्ज



**भिलाई।** सड़क के बीचो-बीच कार के बोनेट में आधा दर्जन केक रख कर काटने वाले नाबालिग का वीडियों सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि सड़क के बीच में कार के बोनेट पर आधा दर्जन केक रखकर कटार से केक काटकर जन्म दिन मनाने का वीडियों सोशल मीडिया में वायरल हो गया। घटना वैकुंठधाम कैम्प 2 का है। वायरल वीडियो में युवक हाथों में धारदार हथियार (कटार) रखे दिखाई दे रहे है। युवक सड़क पर केक काटते और हाथों में पटाखे लेकर आतिशबाजी भी करते दिख रहें है। एएसआई विनय रजक के मुताबिक यह वीडियो 9 जनवरी को पुलिस के संज्ञान में आया। वीडियो 8 जनवरी 2026 की रात करीब 1 से 2 बजे के बीच का है। वीडियो में कैम्प-02 क्षेत्र में बैकुण्ठ धाम तालाब के पास सार्वजनिक मार्ग पर वाहन खड़ा कर जन्मदिन मनाया गया। हथियारों का प्रदर्शन और पटाखों की आतिशबाजी की गई। वीडियो सामने आने के बाद छावनी पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई कर पताशाजी की जा रही है। पुलिस की जांच पता चला कि सड़क पर चाकू और कटार के साथ केक काटने और आतिशबाजी करने वाले नाबालिग हैं। वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली गई है। सभी नाबालिग हैं। मामला दर्ज कर सामाजिक पृष्ठभूमि की जानकारी जुटाई जा रही है।

## हरिभूमि का वार्षिक कैलेंडर लॉन्च....



**भिलाई।** हरिभूमि ने शनिवार को अपना वार्षिक कैलेंडर–2026 लॉन्च किया। इसका विमोचन रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में किया गया। कार्यक्रम में रुंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रुंगटा, कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी, सीईओ सोनल रूंगटा, हरिभूमि छत्तीसगढ़ के जीएम अनिल गहलावत और भिलाई ब्रांच हेड विजय मंडल शामिल रहे।

## नशीली दवा के साथ 4 गिरफ्तार

**भिलाई।** नशीली दवाओं का अवैध कारोबार करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में नशे का सामान जब्त किया है। ग्रामीण एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि उतई थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशीली दवाओं का कोराबर करने वाले युवकों की सूचना मुखबिर ने दी थी। पुलिस ने घेराबंदी कर ग्राम सेलुद सतनामी पारा उतई निवासी त्रिलोकी यादव, इंदिरा नगर कुरुद जिला धमतरी चेमन विश्वकर्मा, हकीम खान, टिकरापारा रायपुर मोह.कैश को पकड़ा गया। नीले रंग की बाइक पर धानमंडी के पास नशे की दवा बेचने की फिराक में खड़े थे। पूछताछ में त्रिलोकी ने बताया कि ये दवा हकीम खान से 500 रुपए में खरीदी थी। चेमन और हकीम खान ने खुलासा किया कि नशीली टैबलेट रायपुर के संजय नगर निवासी मोहम्मद कैश से मंगाई जाती थीं। इसे कुरूद लाकर सप्लाई किया जाता था। पुलिस के मुताबिक त्रिलोकी से 48 टैबलेट का कुल वजन 30.72 ग्राम और अन्य दोनों आरोपियों से बरामद 364 टैबलेट का कुल वजन 232.96 ग्राम मिला है। आरोपियों से नशीली टैबलेट रखने से जुड़े दस्तावेज मांगे, लेकिन कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद नशीली टैबलेट और एक मोबाइल को जब्त कर लिया गया। ड्रग इंस्पेक्टर की रिपोर्ट में टैबलेट को प्रतिबंधित नशीली दवा बताया गया है। जब्त दवाओं की कीमत 1 लाख 37 हजार रुपए आंकी गई है।

## क्रिप्टो के जरिए ठगी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

क्रिप्टो करेंसी का झांसा देकर निवेशको के साथ ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि शांति नगर भिलाई निवासी हार्दिक कुदेशिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ट्रेडिंग करना एवं अपने निवेशकों को प्रतिमाह 6 प्रतिशत ब्याज का झांसा देकर रुपए निवेश कराया करता था। अप्रेल से अक्टूबर 2025 तक ब्याज की राशि प्राप्त होती थी कि माह नवम्बर में ब्याज की राशि नहीं मिलने पर पर निवेशक ऑफिस नेहरू नगर सुपेला पहुंचे। आरोपी का ऑफिस बंद पड़ा मिला। हार्दिक



कुरेशिया सभी निवेशकों का रकम लेकर फरार होने की सूचना मिलने पर ठगी के रकम को वापस नहीं किया। आरोपी निवेशको के रूपये को बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक के खातो में लेता था। आरोपी द्वारा अपने मोबाईल के प्ले स्टोर एप्प से बाइनेस एप्प डाउनलोड करके बाइनेस एप्प से ट्रेड के दौरान भारतीय रूप्या को बाइनेस एप के माध्यम से विदेश डॉलर में बदलकर क्रिप्टों करेंसी में ट्रेड करता था। बाइनेस एप्प में लगभग में 4-5 माह तक ट्रेडिंग का काम किया है। मुलधन का लाभ आता था उस मुनाफे के राशि का 6 प्रतिशत निवेशको को साझा कर देता था। 3 प्रतिशत अपने अन्य साथी को कमीशन के रूप में देता था। आरोपी के द्वारा कुल 76 निवेशक से कुल 3 करोड़ 8 लाख 5,000 रूपया क्रिप्टो करेंसी के नाम से 6 प्रतिशत लाभांश का लालच देकर ठगी किया। आरोपी से आईफोन लैपटॉप, रूपया गिनने का मशीन, निवेशको का इकरार नामा समेत अन्य दस्तावेज को जप्त किया।

शीतलहर चलने से ट्विनसिटी में कंपकपाती ठंड

# दिनभर चली ठंडी हवा, बदली भी छाई रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शनिवार का दिन कंपकंपा गई। पूरे दिन सुर्री हवाएं चलती रही। आसमान पर बदली छाई और कहीं-कहीं बारिश होने जैसी स्थिति तक देखने मिली। मौसम में अचानक आए इस बदलाव की वजह से ट्विनसिटी के लोगों को कंपकपाती ठंड का एहसास हुआ। शाम होते ही ठंड और ज्यादा बढ़ गई। इस पूरे सीजन में पहली बार इस तरह की ठंडी लोगों ने महसूस की है। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों तक सर्द हवाएं चलने की चेतावनी दी है।



### सामान्य से 5.7 डिग्री नीचे हुआ पारा

ट्विनसिटी का पारा शनिवार को सामान्य से 5.7 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। मौसम विभाग ने न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। इस सीजन में पिछले सप्ताह न्यूनतम पारा 7 डिग्री सेल्सियस तक आ गया था। इस हिसाब से 1 डिग्री सेल्सियस अधिक है लेकिन सर्द हवाओं की वजह से सीजन का सबसे ज्यादा ठंड लोगों को महसूस हुआ है। रात में न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की और नीचे आया है। जिससे लोगों को ज्यादा ठंड लगने लगी।

### अलाव ही बन रहा है सहारा

शनिवार को पहली बार ट्विनसिटी में ऐसा दृश्य देखने मिला कि दिन में भी लोग अलाव जलाकर ठंड से जूझते हुए दिखे। मार्केट एरिया, सब्जी मंडी, गली-मोहल्ले के चौक-चौराहे पर लोग लकड़ी जलाकर आग तापकर ठंड से राहत पाने की कोशिश में लगे रहे। शाम को यह दृश्य आम सा हो गया। जहां-तहां लोग अलाव जला रहे थे। वहीं पूरे दिन बदली की स्थिति बनी रही। बीच-बीच में कुछ देर के लिए ही सूर्यदेव के दर्शन हुए। लोग दिनभर गरम कपड़े में अपनी दिनचर्या का कार्य करते रहे। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान और बढ़ेगा। सर्द हवाएं भी चलेगी। अलसुबह कोहरे की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग ने लोगों को एलर्ट किया है कि वे ठंड से बचने के सभी उपाय कर ही घरों से निकले। खासकर रात में ठंड और बढ़ती है।







खबर संक्षेप

### काउंटर मैटी जयंती समारोह आज

**भिलाई।** छग इलेक्ट्रोहोम्योपैथी डाक्टर्स एसोसिएशन के द्वारा इस पद्धति के आविष्कारक डाक्टर काउंटर सीजर मैटी की जयंती पर छग राज्य स्तरीय मैटी जयंती समारोह व चिकित्सा सम्मले का आयोजन 11 जनवरी को अमित इंटरनेशन होटल में है। मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव होंगे। अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष नीलेश धवरे हैं। विशेष अतिथि वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन होंगे।

### केरला समाजम का मिलन समारोह आज

**भिलाई।** केरला समाजम दुर्ग-भिलाई का क्रिसमस और नए साल की पारिवारिक मिलन समारोह सेक्टर 5 स्थित कार्यालय में 11 जनवरी को दिन को 11. 30 बजे से आयोजित है। इस दौरान समाजम के पारिवारिक सदस्यों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुती दी जाएगी। समाजम के अध्यक्ष वीके मोहम्मद व महासचिव जीघी वर्गीस ने सभी सदस्य से समय पर उपस्थित की अपील की है ।

निधन

### कृष्ण कुमार बंछोर



**सेलूद।** समीपस्थ ग्राम पंचायत गोंड़पेंडरी के वार्ड-11 के पंच कृष्ण कुमार बन्छोर (60) का निधन हो गया। वे शांति बन्छोर के पति,वर्षा वर्मा और ज्योति वर्मा के पिता थे। अंतिम संस्कार के दौरान पुत्री ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर परिवार गाँव व समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### सुदर्शन यादव



**अंडा।** गुरूवार बाजार चौक निवासी सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी सुदर्शन यादव (67) का निधन शनिवार की सुबह हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम किया गया। वे कमलकांत यादव , भूपेन्द्र राजू यादव, खिलेंद्र संजू यादव और प्रदीप पप्पू यादव के पिता थे।

### कुशाल चंद्र साहू



**उतई।** वार्ड 09 नेहरू नगर निवासी कुशाल चंद्र साहू (77) का निधन हो गया है। वे केजा बाई साहू के पति, जितेंद्र साहू और किशोर साहू अध्यक्ष नगर साहू समाज उतई के पिता, बालमुकुंद साहू, विशाल राम साहू के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार 11 जनवरी को सुबह 11बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### कुंज बिहारी ताम्रकार



**भिलाई।** परपोड़ी निवासी कुंज बिहारी ताम्रकार का 10 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सुखरू ताम्रकार के बड़े भाई थे।

# नहीं झेलना पड़ेगा पानी का संकट, फिल्टर प्लांट में लगेंगे नए मोटर पंप

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

आगामी गर्मियों में शहरवासियों को जलसंकट से राहत दिलाने के लिए नगर निगम ने जल आपूर्ति व्यवस्था को और मजबूत करने की ठोस योजना तैयार कर ली है। इस बार गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत न हो, इसके लिए इंटकवेल और फिल्टर प्लांट में नए शक्तिशाली मोटर पंप लगाए जाएंगे।

नगर निगम के जल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इंटकवेल में 120-120 एचपी क्षमता के दो नए मोटर पंप स्थापित किए जाएंगे, जिससे कच्चे पानी की आपूर्ति क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## 120-120 एचपी क्षमता के दो नए मोटर पंप लगाए जाएंगे

### जलसंकट से मिलेगी राहत

नगर निगम का कहना है कि सभी प्रक्रियाएं पूर्ण होते ही मोटर पंपों की स्थापना का कार्य तेजी से किया जाएगा, जिससे गर्मी के समय में भी शहर की जल आपूर्ति सुचारू बनी रहेगी। निगम के इन प्रयासों से नागरिकों को इस वर्ष जल संकट से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। महापौर अलका बाघमार ने आने वाली गर्मी के सीजन से लोगों को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए मोटर पंप खरीदी का प्रस्ताव शासन को भेजा।






### खरीदे जाने हैं तीन मोटर पंप

शासन ने 3 पंप के लिए ही राशि स्वीकृत की। 1.94 करोड़ की लागत से इंटकवेल में 120-120 एचपी के दो मोटर पंप लगाए जाएंगे। वहीं फिल्टर प्लांट में 97.33 लाख की लागत से एक मोटर पंप लगाया जाएगा। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि इंटकवेल और फिल्टर प्लांट के लिए तीन मोटर पंप खरीदे जाने है। निविदा शर्तों की स्वीकृति मिलने का इंतजार किया जा रहा है। स्वीकृति के मिलते ही पंप खरीदी की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी कर ली जाएगी।

इसके साथ ही फिल्टर प्लांट में 97.33 लाख रुपये की लागत से एक अतिरिक्त मोटर पंप लगाया जाएगा, ताकि शुद्ध पेयजल की आपूर्ति निर्बाध बनी रहे।

मोटर पंपों की खरीदी के लिए शासन से 29 अगस्त 2025 को स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। तकनीकी परीक्षण एवं निविदा प्रक्रिया के दौरान प्राप्त सुझावों के आधार पर तकनीकी विशिष्टताओं में आवश्यक सुधार किए गए हैं। समक्ष स्वीकृति में विलंब के कारण निविदा प्रक्रिया को पुनः प्रारंभ किया गया है, जिसे जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा।

## समस्या : डायरिया से मौत के बाद भी लापरवाही, नाली से गुजर रही पाइपलाइन

# वार्ड 32 में मूलभूत सुविधाओं का संकट पानी और शौचालय के लिए जूझ रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड परिक्रमा

नगर निगम भिलाई के जोन-3 अंतर्गत वार्ड 32 बैकुण्ठधाम सुंदरनगर के रहवासी आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। इलाके में पानी, शौचालय और सड़क जैसी जरूरी सुविधाओं की हालत बेहद खराब है।

वार्ड में मौजूद दो सार्वजनिक शौचालय उपयोग के लायक नहीं बचे हैं। विजय नगर स्थित शौचालय लंबे समय से जर्जर होने के कारण उसमें ताला लगा हुआ है। वहीं आदर्शनगर का सार्वजनिक शौचालय करीब आठ माह से अनुपयोगी है, जिस कारण लोगों ने उसका इस्तेमाल करना छोड़ दिया है। शौचालय नहीं होने से सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को उठानी पड़ रही है। आदर्शनगर क्षेत्र में पेयजल की भी गंभीर समस्या है। नल कनेक्शन नहीं होने के कारण लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ता है। क्षेत्र में साफ-सफाई का भी अभाव बना हुआ है। गंभीर बात यह है कि इसी वार्ड में डायरिया से दो लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद लापरवाही जारी है। नालियों के अंदर से अब भी पानी की पाइपलाइन गुजर रही है, जिससे संक्रमण का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम से मांग की है कि सार्वजनिक शौचालयों को तत्काल चालू कराया जाए और पेयजल की स्थायी व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## जरूरी सुविधाओं की हालत बेहद खराब, परेशान है लोग





### सार्वजनिक सुविधा ही खंडहर में तब्दील

वार्ड 32 आदर्शनगर स्थित सार्वजनिक शौचालय की हालत बेहद चिंताजनक हो चुकी है। वार्ड निवासी अनुसुईया वर्मा ने बताया कि वे करीब आठ साल तक इस शौचालय में केयरटेकर के रूप में कार्यरत रहीं। करीब आठ माह पहले ठेका समाप्त होने के बाद उन्होंने काम छोड़ दिया। अनुसुईया वर्मा के अनुसार शौचालय पूरी तरह जर्जर हो चुका है। छत का झज्जा टूट-टूटकर नीचे गिर रहा है। केयरटेकर के कमरे का छज्जा भी गिर चुका है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। उन्होंने बताया कि यह सार्वजनिक शौचालय अब बेहद गंभीर स्थिति में है और इसके तत्काल संधारण की आवश्यकता है।



### भिलाई निगम से मरम्मत की मांग

आदर्शनगर क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय की बदहाली से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय निवासी रुसी माझी और उषा सिंह ने बताया कि क्षेत्र के कई घरों में निजी शौचालय नहीं हैं। ऐसे में यही सार्वजनिक शौचालय लोगों के लिए एकमात्र सहारा था। भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। छज्जा टूटने और संरचना कमजोर होने के कारण लोग जान जोखिम में डालकर वहां जाना बंद कर चुके हैं। महिलाओं को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने नगर निगम से शीघ्र शौचालय मरम्मत की मांग की है।



### आदर्शनगर में पानी नहीं पाइपलाइन सिर्फ नाम की

स्थानीय निवासी जे. राजू, मो. अकबर और रजवंती देवी सहित मोहल्ले के लोगों ने बताया कि आदर्शनगर स्थित सार्वजनिक शौचालय के पास पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। पाइपलाइन तो गुजरी है, लेकिन उसमें पानी नहीं आता। मजबूरी में लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ता है। इसके साथ ही इलाके में साफ-सफाई भी नियमित रूप से नहीं की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क पर बनी पुलिया टूट चुकी है। आए दिन लोग गिरकर घायल हो रहे हैं।



### जल्द होगा सड़कों का निर्माण

सिटी डबलपमेंट के तहत बैकुण्ठधाम प्रवेश द्वार से लेकर किशन चौक तक और मनु मोबाइल से लेकर जेपी नगर शिव मंदिर तक सड़क संधारण किया जाएगा। वहीं दो जगह आरसीसी रोड और दो पुलिया का भी निर्माण किया जाएगा। पिछले चार साल के कार्यकाल में मूलभूत का मात्र 2 लाख रुपए मिला है। विजय नगर स्थित शौचालय में संधारण कार्य शुरू हो चुका है। वहीं आदर्शनगर के जर्जर शौचालय का आयुक्त सहित अन्य अधिकारी अधिकारीगण निरीक्षण किए हैं, लेकिन काम अब तक शुरू नहीं हुआ।

**-लक्ष्मी दिवाकर,** पार्षद वार्ड 32, बैकुण्ठधाम सुंदरनगर

# राष्ट्रवादी विचारधारा पर काम करती है भाजपा



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी दुर्ग जिले की जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने की। इस दौरान बीते एक वर्ष में हुए संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जिला महामंत्री दिलीप साहू और विनोद अरोड़ा सहित जिले के पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संगठन के पुराने और नए दायित्वधारियों को पार्टी की कार्यप्रणाली, अनुशासन और जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया।

जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवादी विचारधारा के आधार पर कार्य करती है। संगठनात्मक और अनुशासनात्मक रहते हुए निरंतर आगे बढ़ना हम सभी की जिम्मेदारी है। केंद्र और राज्य में सरकार होने के कारण कार्यकर्ताओं का दायित्व और बढ़ जाता है। सरकार की योजनाओं, इसरो की उपलब्धियों, आर्थिक प्रगति और सामाजिक विकास के कार्यों को आम जनता तक पहुंचाना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मंत्र पर सरकार कार्य कर रही है। विकसित भारत के लक्ष्य को पाने के लिए आत्मनिर्भरता और जन-भागीदारी को मजबूत करना होगा और समय-समय पर जन जागरण करना होगा।

जिलाध्यक्ष ने संगठनात्मक समन्वय और अनुशासन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जिले की संगठनात्मक संरचना लगभग पूर्णता की ओर है। नए कार्यकर्ताओं को तैयार करना और संगठन को भविष्य के लिए मजबूत बनाना हम सभी का साझा दायित्व है। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों पर जिला अध्यक्ष को बधाई और शुभकामनाएं दीं। अंत में सुरेंद्र कौशिक ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बीते वर्ष चुनौतियों से भरे रहे, लेकिन सामूहिक प्रयासों से कई महत्वपूर्ण लक्ष्य हासिल किए गए। आने वाले समय में संगठन को और सशक्त बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, मनोज सोनी, हर्षा चंद्राकर, राजीव पांडेय, मंत्री गायत्री वर्मा, गिरेश साहू, नवीन पवार शैलेंद्र शैंडे, हिमा साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भिलाई नगर निगम चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी का शंखनाद



**भिलाई।** आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर शनिवार को आम आदमी पार्टी ने भिलाई में अपनी सक्रियता बढ़ाते हुए चुनावी बिगुल फूंक दिया है।

भिलाई स्थित इंडियन कॉफी हाउस में आयोजित बैठक में पार्टी ने डॉ. एसके अग्रवाल को भिलाई नगर निगम चुनाव का प्रभारी नियुक्त किया है। बैठक में लगभग 70 पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि आम आदमी पार्टी सभी वार्डों में पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। 2025 के दुर्ग निगम चुनाव में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद वार्ड 1 से मनीष मिश्र, वार्ड 13 से अजय साहू और वार्ड 47 से मुकेश नायक ने कड़ी टक्कर दी थी और दूसरे स्थान पर रहे थे। बैठक में चार सह-प्रभारी भी नियुक्त किए गए। उमेश उपाध्याय, मनीष मिश्रा, रउफ अंसारी, जसप्रीत सिंह शामिल हैं। बैठक में प्रदेश महासचिव वदूद आलम, प्रदेश सचिव के. ज्योति, मेहरबान सिंह, सोनू यादव, विनोद साहू, कुलबीर कौर, रामपाल, बलदेव साहू आदि उपस्थित थे।

## डॉ. नीरज चंद्राकर वर्किंग कमेटी के बने सदस्य



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ प्रोस्थोडॉन्टिस्ट एवं इम्प्लांटोलॉजिस्ट (विशेषज दंत चिकित्सक) डॉ. नीरज कुमार चंद्राकर को इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ प्रोस्थोडॉन्टिस्ट (आईपीसी) की वर्किंग कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ प्रोस्थोडॉन्टिक्स को प्रोस्थोडॉन्टिक्स के क्षेत्र में विश्व की सर्वाधिक प्रतिष्ठित पेशेवर संस्थाओं में गिना जाता है, जिसमें विश्वभर के अग्रणी प्रोस्थोडॉन्टिस्ट, शिक्षाविद एवं क्लिनिशियन वैज्ञानिक शामिल है। डॉ. चंद्राकर की यह नियुक्ति प्रोस्थोडॉन्टिक्स, इम्प्लांट दंत चिकित्सा तथा मैक्सिलोफेशियल पुनर्वास के क्षेत्र में उनके निरंतर एवं महत्वपूर्ण योगदान की अंतरराष्ट्रीय मान्यता है। साथ ही उन्होंने अकादमिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष डॉ. नीरज को रायल कॉलेज ऑफ सर्जन एंड फिजिशियन्स में अंतरराष्ट्रीय सलाहकार के रूप में भी नियुक्त किया गया था, जो वैश्विक दंत एव चिकित्सा समुदाय में उनकी बढ़ती प्रतिष्ठा और प्रभाव को दर्शाता है।

# कदम संस्था का महापौर बीजा-रोपण महोत्सव-2026 बीआईटी में आज

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



कदम संस्था द्वारा महापौर बीजारोपण महोत्सव का आयोजन रविवार 11 जनवरी को बीआईटी कॉलेज में किया जाएगा। इसे लेकर कदम संस्था के सदस्यों ने महापौर अल्का बाघमार से चेंबर में मुलाकात कर अंस रोपण को लेकर जानकारी दी। इस दौरान एमआईसी देव नारायण चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन, नीलेश अग्रवाल, सरिता साहू, ललिता ठाकुर, लोकेश्वरी ठाकुर व कदम संस्था के सदस्य मौजूद रहें।

महापौर अलका बाघमार ने बताया कि (अंस) बीज रोपण, कदम दुर्ग द्वारा निःशुल्क है और उसके बाद स्कूल के टीचर एवं बच्चों के संपर्क में रहते हुए उनसे वर्तमान में उनके बीज से बनते पौधे की स्थिति का जायजा लिया जाता रहा है और जिन बच्चों को बीज की आवश्यकता है उन्हें फिर से बीज के पैकेट्स दिए गए हैं ताकि वो बीजरोपण महोत्सव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले सकें और अपने पौधे के माध्यम से एक बड़ा पुरस्कार प्राप्त कर सकें। विकसित पौधों का छात्रवार पंजीयन किया जाएगा। बीजरोपण का उद्देश्य है कि बाल अवस्था से ही बच्चों के स्वभाव में प्रकृति के प्रति लगाव हो जो उद्देश्य से बीज वितरण किया गया है। बीजारोपण अभियान में जो बच्चे अपने विकसित पौधों को लेकर आते हैं उन्हें सम्मान पत्र, एक निश्चित उपहार से सम्मानित किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान लक्की ड्रॉ के माध्यम से विशेष पुरस्कार दिया जायेगा।

## मनरेगा कानून में संशोधन और नाम परिवर्तन को लेकर कांग्रेस का चरणबद्ध आंदोलन

# केंद्र ने रोजगार की गारंटी खत्म की, कांग्रेस मोर्चे पर, आज एक दिवसीय उपवास, 25 फरवरी तक धरना, रैली और घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मनरेगा कानून में बदलाव और योजना का नाम बदलकर जी राम जी किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस ने 11 जनवरी से 25 फरवरी तक चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति तैयार की है। 11 जनवरी को एक दिवसीय उपवास के साथ इस अभियान की शुरुआत होने जा रही है। इसके बाद अलग-अलग चरणों में धरना, रैलियां, विरोध प्रदर्शन, घेराव और जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, मनरेगा आंदोलन प्रभारी राजेंद्र साहू, अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, राकेश ठाकुर, मुकेश चंद्राकर सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने मनरेगा कानून के परिवर्तन पश्चात विसंगतियों को बताया। उन्होंने कहा कि मनरेगा कानून में परिवर्तन मोदी सरकार का श्रमिक विरोधी कदम है। यह महात्मा गांधी के आदर्शों पर कुंठाराघात है। मजदूरों के अधिकारों को सीमित करने वाला निर्णय है।

■ आंदोलन की रणनीति तैयार किया गया

मोदी सरकार ने सुधार के नाम पर झांसा देकर लोकसभा में एक और बिल पास करके दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी स्कीम मनरेगा को खत्म कर दिया है। यह महात्मा गांधी की सोच को खत्म करने और सबसे गरीब भारतीयों से काम का अधिकार छीनने की जान-बूझकर की गई कोशिश है। अब तक, मनरेगा संविधान के आर्टिकल 21 से मिलने वाली अधिकारों पर आधारित गारंटी थी। नया फ्रेमवर्क ने इसे एक कंडीशनल, केंद्र द्वारा कंट्रोल की जाने वाली स्कीम में बदल दिया है।

### गांधीवादी विचारधारा के अनुरूप दर्ज कराएंगे विरोध

मनरेगा बचाओ संग्राम प्रभारी प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू ने कहा कि मनरेगा गांधीजी के ग्राम स्वराज, काम की गरिमा और डिसेंट्रलाइज्ड डेवलपमेंट के सपने का जीता-जागता उदाहरण था, लेकिन इस सरकार ने न सिर्फ उनका नाम हटा दिया है, बल्कि 12 करोड़ मनरेगा मजदूरों के अधिकारों को भी बेरहमी से कुचला है। दो दशकों से, मनरेगा करोड़ों ग्रामीण परिवारों के लिए लाइफलाइन रहा है और कोविड-19 महामारी के दौरान आर्थिक सुरक्षा के तौर पर जरूरी साबित हुआ है। राकेश ठाकुर ने कहा कि अब तक मनरेगा मजदूरों को काम देने का कानून था। श्रमिक अधिकार पूर्वक मांग करते थे, जिसे योजना में परिवर्तित कर दिया गया। अब इसे चलाना, नहीं चलाना सरकार की मर्जी पर निर्भर होगा।




### सुविधा के नाम पर छलावा, सरकार तय करेगी काम

धीरज बाकलीवाल ने कहा कि 100 दिन से 125 दिन की मजदूरी वाली बात सिर्फ एक चालाकी है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के 70 प्रतिशत गांव में भाजपा की सरकार आने के बाद से अघोषित तौर पर काम नहीं दिया जा रहा है। पिछले 11 सालो में मोदी सरकार बनने के बाद मनरेगा में काम देने का राष्ट्रीय औसत मात्र 38 दिनों का है। मतलब 11 सालो में मोदी सरकार किसी भी साल 100 दिन काम नहीं दे पाई। मनरेगा काम करने का सही अधिकार था, उसे अब एक एडमिनिस्ट्रेटिव मदद में बदला जा रहा है, जो पूरी तरह से केंद्र की मर्जी पर निर्भर है। अब गारंटी नहीं सरकार की योजना के अनुरूप काम होगा।

### साल दर साल कार्य दिवस की संख्या में आ रही कमी

राकेश ठाकुर ने कहा कि जिले में पूर्व में कांग्रेस सरकार के दौरान मनरेगा के तहत 42 लाख मानव दिवस का लक्ष्य था। 2023-24 में यह 32 लाख हो गया। 2024-25 में यह और भी घटकर 18 लाख हो गया है। जिले में सक्रिय मनरेगा मजदूरों की संख्या ही डेढ़ लाख है। इसी प्रकार वर्तमान में मनरेगा के तहत जिले के मात्र 10 हजार मनरेगा मजदूरों को मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में काम मिल रहा है, जबकि अन्य वर्षों में इस समय 40 से 50 हजार मजदूर जिले में मनरेगा के तहत कार्यरत होते थे। इतना ही नहीं पहले 90 प्रतिशत अनुदान केंद्र का होता था।

## एसआईआर के लिए अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में निर्वाचक नामावालियों का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य संपादित किया जा रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 65 भिलाई नगर एवं 66 वैशाली नगर अंतर्गत मतदाताओं से प्राप्त गणना प्रपत्रों के डि जी टा ई जे श न कार्य के संपादन एवं ड्राफ्ट रोल प्रकाशन पश्चात कार्यों के निष्पादन के लिए वर्तमान में 6 एवं 5 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त हैं। उक्त अधिकारियों के सहयोग के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए पांच-पांच अतिरिक्त सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 65 भिलाई नगर के लिए दीपक मिश्रा, उपसंचालक, खनिज विभाग दुर्ग, अमित परिहार, परिवीक्षा अधिकारी, समाज कल्याण विभाग दुर्ग, अश्वनी द्विवेदी, सहायक अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग, आदर्श साव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अंत्यावसायी दुर्ग, उत्कर्ष पाण्डेय, प्रभारी कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी दुर्ग को एईआरओ नियुक्ति किया गया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र 66 वैशाली नगर के लिए अविनाश श्रीवास, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग दुर्ग, तुषार त्रिपाठी, प्रबंधक, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र दुर्ग, आकाश सोनी, उपसंचालक, पंचायत अनुभाग, जिला पंचायत दुर्ग, सूर्यभान सिंह ठाकुर, संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश,यशवंत वर्मा, प्रभारी सहायक ग्रामोद्योग दुर्ग को अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

■ भिलाई नगर एवं वैशाली नगर के लिए किया गया नियुक्त

# जनपद पंचायत की सामान्य सभा तीन माह से लंबित, जनहित के मुद्दे हो रहे उपेक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन/रानीतराई



जनपद अध्यक्ष व सीईओ के आपसी तकरार के कारण तीन माह से सामान्य सभा की बैठक नही हो पाई है। इससे जनहित के मुद्दों पर सार्थक पहल नहीं हो पा रही है। इसके चलते पाटन जनपद में सदस्यों की बीच भारी नाराजगी देखी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार विगत दो माह से मासिक बैठक नहीं होने के कारण क्षेत्र के मूलभूत समस्या,धान खरीदी में अव्यवस्था, पीएचई,पीडब्लूडी, जल संसाधन, क्रेडा, खनिज विभाग को लेकर सदन में आवाज नहीं उठ पा रही है। बताया जा रहा है कि जनपद सीईओ एवं जनपद अध्यक्ष के मनमुटाव के कारण बैठक आयोजित नहीं की जा रही है। कुछ जनपद सदस्य ने कहा कि जब तक यहां जागेंद्र साहू सीईओ रहेंगे तब तक बैठक नहीं होने की बात अध्यक्ष के द्वारा कही जा रही है। सी ई ओ के जाने के बाद सामान्य सभा बैठक आयोजित की जाएगी।

इस गतिरोध के चलते क्षेत्र के मूलभूत समस्या एवं विकास कार्यों पर ब्रेक लग चुका है। पिछले दो माह की बैठकों का भी सही मूल्यांकन नहीं हो पा रहा है। सामान्य सभा की बैठक नहीं होने के कारण अधिकारियों में मनमर्जी चल रही है। क्षेत्र में कई माह से अधिकारी जल जीवन मिशन के द्वारा कार्यों का भी अभी तक अपूर्ण है। हर बैठक में काम होने का हवाला देते हैं लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ नहीं है। क्षेत्र में धान खरीदी प्रारंभ हो से ही भारी अनियमितता है और किसानों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। किसानों को अपनी मेहनत का अन्न ना बेच पाने के कारण चिंतित, हताश और निराश है। जिससे किसानों में सरकार के प्रति भारी नाराजगी देखी जा रही है। सामान्य सभा के बैठक नहीं होने के कारण सभी विभागों की समीक्षा नहीं हो पाई है। कई सोसाइटी में अधिक तौल होने की जानकारी मिल रही है लेकिन अधिकारी एवं समिति के मिली भगत के कारण कुछ नहीं हो पा रहा है। झीट सोसायटी में 389 कट्टा धान का भी आज तक एफ आई आर एवं जब्ती भी नहीं हो पाया है। परिवहन,टोकन में भी किसान एवं सोसायटी लाचार बैठे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार पाटन जनपद पंचायत में हर बार कहीं ना कहीं बहाना लेकर बैठक आयोजित नहीं करते,कांग्रेसी जनपद सदस्यों में भारी नाराजगी देखी जा रही है वही सत्ता पक्ष के भी जनपद सदस्य कुछ नहीं बोल पा रहे हैं। बताया जाता है कि निर्दलीय जनपद सदस्यों में अपने इस्तीफा देने की चर्चा जोरों से चल रही है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रतिनिधि अशोक साहू,जवाहर वर्मा,जनपद सदस्य दिनेश साहू,रश्मि भेदप्रकाश वर्मा,अजय साहू,उर्वशी वर्मा, दीपमाला जैन और आनंद बघेल ने भाजपा सरकार की ट्रिपल इंजन सरकार पर आरोप लगाते हुए विपक्ष की आवाज को दबाने वाली सरकार बताया है।

# रेलवे भूमि अधिग्रहण पर किसानों ने रखे अतिरिक्त बिंदु, एसआईए और आजीविका को बताया अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंजोरा



खरसिया–नया रायपुर–परमालकसा रेलवे परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों ने मुख्यमंत्री के जनदर्शन में अपनी मांगें रखीं। बिरेझर सरपंच इंद्रजीत साहू ने कहा कि किसानों ने भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के अनुसार प्रक्रिया आगे बढ़ने की मांग की है।

किसानों ने इस दौरान तीन अतिरिक्त बिंदु रखे। जिसमें मांग की गई कि एसआईए को सहभागी प्रक्रिया के रूप में लागू किया जाए। किसानों ने कहा कि एसआईए कोई औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि प्रभावित किसानों और ग्रामसभा की सक्रिय भागीदारी से की जाने वाली प्रक्रिया है। केवल मुआवजा पर्याप्त नहीं, आजीविका अनिवार्य है। किसानों ने कहा कि मुआवजा उनका वैधानिक अधिकार है, लेकिन केवल वित्तीय प्रतिकर से भूमि पर निर्भर कुटुंबों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में वास्तविक सुधार संभव नहीं है। 3. 5 लाख की एकमुश्त राशि अधिनियम की भावना के विपरीत है। किसानों ने कहा कि केवल 5 लाख की एकमुश्त राशि देना भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की प्रस्तावना में निहित "प्रभावित परिवारों की सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थिति में सुधार" के उद्देश्य को पूरा नहीं करता। किसानों ने पूर्व में दिए गए 9 बिंदुओं को भी दोहराया, जिनमें ग्राम सभा आयोजित करने, मुआवजा और पुनर्वास की जानकारी देने, और किसानों के विरुद्ध पुलिस या सैन्य बल के प्रयोग पर प्रतिबंध जैसे बिंदु शामिल हैं।

जनदर्शन में जनदर्शन में प्रमुख रूप से महिला किसान लक्ष्मी मानिकपुरी ग्राम पुरई,अजय सिन्हा ग्राम बिरेझर,इंद्रजीत साहू ग्राम सरपंच बिरेझर, बिसेसर देशमुख ग्राम बोरिगारका,तोरण राम ठाकुर ग्राम कार्गाडीह,बिरेंद्र देशमुख ग्राम खोपली,अमर सिंह साहू ग्राम घुघसिडीह,छबी लाल निर्मलकर ग्राम चंगोरी,तुमन लाल साहू ग्राम थनौद,गोपीश्वर साहू ग्राम कोनारी,प्रदीप गजपाल ग्राम चंदखुरी,यशवंत साहू ग्राम भानपुरी,दुर्गेश ठाकुर ग्राम कोकडी,कल्याण पटेल ग्राम कोडिया,बिसेसर साहू ग्राम पौवारा,जीवन लाल ग्राम पुरई,धर्मेंद्र साहू ग्राम बिरेझर,नेमिचंद साहू ग्राम कार्गाडीह,मुकेश देशमुख ग्राम खोपली ये सभी किसान विभिन्न गांवों से शामिल हुए। सभी उन्होंने रेलवे भूमि अधिग्रहण के मुद्दे पर अपनी मांगें रखीं। बिरेझर सरपंच इंद्रजीत साहू ने कहा कि किसानों का उद्देश्य केवल यह है कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया न्यायपूर्ण, पारदर्शी और कानूनसम्मत हो। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शासन इन अतिरिक्त बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए अधिनियम की भावना के अनुरूप निर्णय लेगा, ताकि विकास की प्रक्रिया में किसान भी सम्मान, सुरक्षा और स्थायी आजीविका के साथ सहभागी बन सकें।

# तीन वर्ष की बच्ची से छेड़छाड़ आरोपी को 20 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

रानीतराई थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन वर्ष की बच्ची से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश दुलार सिंह निर्मलकर ने 20 वर्ष की सजा तथा 5 हजार रुपए अर्थ दंड को सजा सुनाई है। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक शेखर वर्मा ने पैरवी की। जानकारी के मुताबिक पीड़ित बच्ची की मां ने रानी तराई थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके तीन वर्ष की बच्ची अपने भाई के साथ गांव के आंगन बाड़ी केंद्र है थी। वे काम करने चली गई थी। जब दोपहर को वे घर पहुंची तो बच्चों रोने लगी और वे ठीक से चल नहीं पा रही थी। बच्ची के भाई ने अपने मां को बताया कि जब वे आंगनबाड़ी से वापस अपने बड़े पापा के घर जा रहा था तभी रास्ते में आरोपी कौशल महार उर्फ कोंदा ने बच्ची का हाथ पकड़कर गली में ले गया और इसके गुप्तांग से छेड़छाड़ किया। पुलिस ने आरोपी कौशल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायालय ने आरोप सिद्ध होने पर आरोपी को 20 साल की सजा और 5 हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई।

# आस्था और गौरवशाली इतिहास का उत्सव है सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-विधायक ललित चंद्राकर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर उतई भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कर प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि आस्था और गौरवशाली इतिहास का उत्सव है सोमनाथ स्वाभिमान पर्व। सोमनाथ महादेव मंदिर ज्योतिर्लिंग होने के साथ-साथ सनातन संस्कृति व आध्यात्मिक गौरव की अक्षुण्ण विरासत भी है। बीते हजार वर्षों में इस मंदिर पर कई हमले हुए, लेकिन यह हर बार उठ खड़ा हुआ। यह हमारी सभ्यतागत अमरता और कभी हार न मानने की दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक है। इसे मिटाने की कोशिश करने वालों के नामो-निशान मिट गए, लेकिन यह मंदिर आज और भी वैभवता के साथ खड़ा है। सोमनाथ मंदिर की ऐतिहासिकता बताती है कि ऐसे हमले हमें क्षति पहुंचा सकते हैं, लेकिन मिटा नहीं सकते, क्योंकि हर बार और भी भव्यता और दिव्यता के साथ उठ खड़ा होना सनातन संस्कृति की मूल प्रवृत्ति है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले हमले के एक हजार वर्ष होने पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाने का निर्णय लिया है, ताकि हमारी भावी पीढ़ी तक सनातन संस्कृति की अविरलता और जीवटता का संदेश पहुंचाया जा सके। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने राष्ट्रहित, सांस्कृतिक संरक्षण और भारत के स्वाभिमान को सशक्त करने का सामूहिक संकल्प लिया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, मंडल महामंत्री चंदू देवांगन , नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू , नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख, पार्षद सोनू राजपूत, लक्ष्मीनारायण साहू सहित क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पीटीए की नई कार्यकारिणी मनोज बने अध्यक्ष



**पाटन।** मैत्री विद्या निकेतन इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पाटन में अभिभावक–शिक्षक संघ (पीटीए) की नई कार्यकारिणी का विधिवत गठन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं अभिभावकों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। कार्यकारिणी में मनोज कुमार साहू अध्यक्ष, कृष्ण हरिवंश उपाध्यक्ष , प्राचार्या अंबिली सुगाथा सचिव,नितेश तिवारी एवं कुणाल तिवारी (पीजीटी, एमवीएन पाटन) संयुक्त सचिव, कार्यकारिणी सदस्य भूपेन्द्र सिन्हा, खुशबू बिनायक, अनिता साहू एवं रीमा श्रीवास्तव को शामिल किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने नवगठित पीटीए कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि अभिभावक–शिक्षक संघ विद्यालय और अभिभावकों के बीच सेतु का कार्य करता है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक**
**मंडल-कोहका तहसील व जिला-दुर्ग**
**सूचना-पत्र**

क्रमांक/188/रा.नि./2025 कोहका दिनांक-09/01/2026

1. आवेदक-शिवनाथ बिल्डर्स एवं डेवलपर्स, निवासी-कुरुद भिलाई मो. नं.-9329119905

विषय :- सीमांकन/स्थल जांच के संबंध में सूचना बावत।

ग्राम कुरुद पहन 46 रा.नि.मं कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1493, 1494, 1505 रकबा 0.2700, 0.1500, 0.1500 हे. का सीमांकन/स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/ अधीक्षक भू-अभिलेख/सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर / अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 23/अ-12 दिनांक 07/01/2026 के परिपालन में दिनांक 16/01/2026 को समय 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है।

अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

मुहर राजस्व निरीक्षक कोहका



## आयुक्त ने उद्यान व एसएलआरएम सेंटर का किया निरीक्षण

# शौचालय की सफाई करें दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन-1 अंतर्गत उद्यान एवं एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

निगम आयुक्त नेहरू नगर स्थित योगा उद्यान का निरीक्षण उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू के साथ किये। उद्यान के साफ-सफाई व्यवस्था को देखे साथ ही उपस्थित कर्मचारियों से चर्चा कर रोपित पौधो में पर्याप्त सिंचाई और बेहतर करने कहा गया। नेहरू नगर पूर्व में एस.एल.आर.एम. सेंटर निर्मित है, जिसका अवलोकन आयुक्त द्वारा किया गया। एसएलआरएम सेंटर में कार्यरत महिलाओं द्वारा वेस्ट से बेस्ट और ब्यूटीफिकेशन करने का कार्य किया गया है, जो बहुत ही आकर्षक है। साथ ही वहां फौव्वारा का भी निर्माण किया गया है, जो संचालित है। नागरिको द्वारा अपने घरों से कपड़ा दिया जाता है, जिससे सेंटर की महिलाएं झोला एवं अन्य सामग्री बनाने का कार्य कर रही हैं। वर्टिकल रूप में एस एल आर एम सेंटर लिखा हुआ है जो महिलाओं द्वारा मिटटी के दिये से आकर्षक सजावट किया गया है।सेंटर परिसर में कचरे की छटाई हेतु नया मशीन स्थापित किया गया है। ठोस अपशिष्ट पृथक्करण हेतु निर्माण एवं मशीनों का स्थापना कार्य जारी है, जिससे आगामी समय में पृथक्करण हेतु सुविधा होगी।



शौचालय का निरीक्षण किए साफ सुथरा और व्यवस्थित मिला। संपूर्ण व्यवस्था में सुधार देखकर आयुक्त ने महिलाओं को प्रोत्साहित किये, और बेहतर कार्य करने को कहा गया है। निरीक्षण के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, क्रिस्टोफर पॉल एवं समूह की महिलाएं उपस्थित रहे।

छावनी थाना क्षेत्र की घटना

# मंदिर में भगवान का दर्शन कर महिला ने किया चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

मंदिर चोरी करने का एक वीडियो जमकर वायर हो रहा है। जिसमें मंदिर में चोरी करने से पहले भगवान की दर्सन किया फिर चोरी करने लगी। यह घटना छावनी थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक मछली मार्केट के पास गणेश मंदिर में के दरवाजे के बाहर एक पुरुष खड़ा है। इसी बीच एक महिला मंदिर के भीतर आई। उसने पहले भगवान के दर्शन किया फिर मंदिर में रखे जितने भी बर्तन और अन्य सामान थे। सारे सामान को महिला अपने झोले में डालती दिख रही है। बकायदा भगवान की देहरी में माथा टेककर प्रणाम किया और फरार हो गई। महिला की सारी करतूत सीसी कैमरे में कैद हो गया। जिसका वीडियों सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा बना हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला का शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

जामुल थाना का मामला

# साधु के भेष में भीख मांगने वाले निकले संदिग्ध हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

जामुल थाना क्षेत्र में साधु का भेष धारण कर घर-घर भीख मांग रहे संदिग्ध को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस के हवाले कर दिया।

उस व्यक्ति की निशानदेही पर पुलिस ने एक अन्य व्यक्ति को मोर्या टॉकिज के पास से हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक ये लोग साधु का भेष धारण कर तंबूरा बजाते हुए ₹राम-राम₹ और ₹जय श्रीराम₹ का उद्घोष कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों को इन पर शक हुआ । बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के उसे जामुल थाना ले जाया गया। थाना परिसर में चंद्रा मोर्या के पास लाकर उसने अपना आधार कार्ड भी दिखाया। हिंदू संगठनों का दावा है कि यह कोई अकेला व्यक्ति नहीं, बल्कि पांच लोगों का समूह है जो साधु के भेष में भीख मांग रहा था। बताया जा रहा है कि ये सभी उत्तर प्रदेश से आए हैं और खुद को प्रतापगढ़ का निवासी बता रहे हैं।

### संदिग्धों से पूछताछ

सीएसपी छावनी प्रशांत कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद कार्रवाई की गई है। संदेह के आधार पर दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई स्पष्ट हो पाएगी।

### मंडई-मेला महोत्सव 13 को

अंडा। ग्राम खपरी (सिलोदा) में समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में पारंपरिक मंडई-मेला महोत्सव का भव्य आयोजन 13 जनवरी मंगलवार को किया जा रहा है। इस अवसर पर रात्रिकालीन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम "लहर गंगा" की प्रस्तुति दी जाएगी। जिसमें पुरानिक साहू द्वारा कृत "लहर गंगा", धनेली (गुरूर) की टीम प्रस्तुति देगी।

ੴ
Satnam Waheguru



## Sardarni Gobind Kaur Batra

*(Wife of Late Gurbux Singh Batra)*

*Lived beautifully and with grace*

14th April 1926 — 3rd January 2026

With a heavy heart we announce the passing of our beloved Sdn Gobind Kaur Batra on 3rd Jan 2026, leaving behind a rich legacy of love, forgiveness and wonderful memories.

**PROGRAM DETAILS:**

For the peace of the departed soul we would be honoured if you would join us for **Kirtan** at

**Venue:** Gurudwara Baba Budha Sahib Ji, Telibandha

**Time: 12:00 PM to 1:00 PM**
**Followed by Guru Ka Langar**
**Date: 11th January 2026 (Sunday)**

**In Grief:**

S. Inderbir Singh Batra (Son) – 9425214619
S. Harbaksh Singh Batra (Son) – 8120303030
Dr. Manjeet Kaur Anand (Daughter)
Dr. Gurjeet Kaur Chopra (Daughter)

**Grandsons:**

S. Ujjwal Singh Batra
S. Ajit Singh Batra
S. Gaurav Singh Batra
S. Saurabh Singh Batra

Gobind Dham, Civil Lines, Raipur, Chhattisgarh










लाइव इवेंट

## दुर्ग की बॉस्केटबॉल पुरुष टीम ईस्ट जोन प्रतियोगिता में बनी विजेता





**भिलाई।** ईस्ट जोन इंटर युनिवर्सिटी प्रतियोगिता युनिवर्सिटी ऑफ कोलकात्ता में 8 और 9 जनवरी तक आयोजित किया गया था। जिसमें हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की बॉस्केटबॉल पुरूष टीम लगातार सभी मैचों में जीत हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त की। टीम की इस जीत पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. संजय तिवारी, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप और खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने टीम की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी।

खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि बॉस्केटबॉल टीम प्रथम से अंतिम मैच तक जीत का सिलसिला जारी रखा और प्रतियोगिता में सभी मैचों में जीत हासिल किया। बास्केटबॉल टीम पहला सरला बिरला विश्वविद्यालय रॉची को 88-21 पराजित किया, दूसरा मैच सेन्चुरियन विश्वविद्यालय को 59-20 से पराजित किया, तीसरा मैच बुर्धवन विश्वविद्यालय को 73-45 और चौथे मैच में काशी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश को 74-45 से पराजित कर ऑल इंडिया के लिए क्वालीफाई किया और जीत का सिलसिला जारी रखते हुए सेमीफाईनल मैच में भी कलिंगा विश्वविद्यालय ओडिसा को 40-64 से , सम्बलपुर विश्वविद्यालय ओडिसा को 54-73 की बड़ी अंतर से पराजित कर फाइनल मैच में पहुंचे व फाइनल मैच युनिवर्सिटी आफ कोलकात्ता से मुकाबला रहा। जिसमें 46-66 से जीत हासिल कर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय द्वारा टीम के प्रत्येक खिलाड़ी, मैनेजर व कोच को 10-10 हजार रूपये प्रदान किया जायेगा। टीम के जीत में सभी खिलाड़ियों ने योगदान दिया। विशेष रूप से अरमान अली, अमृत सिंह आयुष्मान एवं प्रशांत का योगदान रहा। टीम के मैनेजर कैलाश नारायण वर्मा क्रीड़ाधिकारी सेंट थॉमस महाविद्यालय रूआबांधा भिलाई और कोच पंकज पाण्डे बॉस्केटबॉल प्रशिक्षक भिलाई है। बॉस्केटबॉल पुरूष टीम युनिवर्सिटी आफ मुम्बई में 21 से 24 फरवरी को आयोजित ऑल इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेगे।

सिटी इवेंट

## भारत को आत्म निर्भर बनाने स्वदेशी अपनाने चलाया अभियान



**भिलाई।** आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर विविध सार्वजनिक स्थानों में जागृति अभियान चलाया जा रहा है । इस कड़ी में महाविद्यालीन छात्रों को भी जागरूक किया जा रहा है। महाविद्यालय अहिवारा में कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों व शिक्षकों के बीच अभियान चलाया गया। इस अवसर पर अहिवार विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा और अभियान संयोजक प्रेम लाल साहू, भाजयुमो के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अमित मिश्रा, रविशंकर सिंह कार्यसमिति सदस्य, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार, वरुण यादव अध्यक्ष, भाजपा भिलाई-3 मंडल, सतीश साहू अभिषेक सिंह, डॉ निशा जैन प्राचार्य, अनुज साहू, ईश्वर शर्मा और ज्ञानदास मानिकपुरी उपस्थित थे ।

इस अवसर पर विधायाक कोर्सेवाड़ा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस विशेष अभियान में हम सब की भूमिका अहम होनी चाहिए। इसके लिए हमें स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना होगा। प्रेम लाल साहू ने कहा कि हमारा देश अर्थ व्यवस्था में आगे बढ़ रहा है विश्व में तीसरी स्थान में आ रहा है, इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर पारदर्शी सिस्टम, युवाओं के स्किल को डेवलप कर आत्मनिर्भर बना रहें है। रविशंकर सिंह और अमित मिश्रा ने भी वोकल फॉर लोकल पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक सिंह और आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ निशा जैन ने किया। इस अवसर पर लोकेश्वरी साहू, महेंद्र साहू, निर्मेश मिश्रा, शुभम ताम्रकार, देवेंद्र कोसरे सहित महाविद्यालय के प्रोफ़ेसर और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बापजी का समाधि दिवस समारोह कल



**दुर्ग।** चालीसगांव महाराष्ट्र के संत गुरुदेव सोहनलाल बापजी के 25वें समाधि दिवस पर 12 जनवरी को श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर पुलगांव में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए है। इस अवसर पर सुबह 10.30 बजे महाआरती की जाएगी। तत्पश्चात गुरुदेव के जीवन पर आधारित कथा और भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। दोपहर में महाप्रसादी (भंडारा) का वितरण किया जाएगा। समाधि दिवस पर दुर्ग जिले के अलावा प्रदेशभर से श्रद्धालू जुटते है। जिसके चलते आयोजन समिति द्वारा जोरदार तैयारी की जा रही है। रमेश कुमार जैन एवं पायल जैन ने गुरुदेव के समाधि दिवस पर श्रद्धालुओं से शामिल होकर पुण्यलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## हुडको कालीबाड़ी में फूड फिएस्टा आज

**भिलाई।** आमदी नगर हुडको स्थित रबिन्द्र निकेतन कालीबाड़ी परिसर में रविवार 11 जनवरी को शाम 6 बजे से एक दिवसीय फूड फिएस्टा का आयोजन किया गया है। मंदिर समिति के रुपक दत्ता, श्यामल रॉय और बबलू बिश्वास ने बताया कि आयोजन में अलग-अलग व्यंजनों के कई स्टाल लगाए जाएंगे। समिति द्वारा सभी स्टाल लोगों को निःशुल्क दिया जाएगा ताकि वे अपने स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रदर्शन कर सके।

● कल्याण कॉलेज द्वारा गांव में लगा कम्युनिटी कैंप, महत्वपूर्ण विषयों की दी जानकारी

# नारे लगाकर नशाखोरी, अशिक्षा और सामाजिक कुरीतियों पर फैलाई जन-जागरुकता, रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भरा जोश

**भिलाई।** शिक्षाधानी भिलाई के सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा सामुदायिक शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के शिक्षा संकाय के द्वारा दुर्ग जिले के अंडा अंचल अंतर्गत ग्राम चिंगरी में एक दिवसीय कम्युनिटी कैंप का आयोजन किया गया। सामुदायिक कार्य की शुरुआत रैली के माध्यम से की गई। इस दौरान नारों के द्वारा ग्रामीणों को सामाजिक कुरीतियों जैसे नशाखोरी, अशिक्षा, व्यसन, पारिवारिक विघटन जैसी गंभीर और महत्वपूर्ण विषयों पर जन-जागरुकता फैलाई गई। सामुदायिक शिविर के लिए बीएड प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी सुबह आठ बजे महाविद्यालय परिसर से ग्राम चिंगरी के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.बनिता सिंह, डॉ.ईश्वर सिंह, डॉ.कविता वर्मा ने बच्चों को संबोधन में प्रेरित किया। सामुदायिक कार्य की शुरुआत रैली के माध्यम से की गई। बीएड के विद्यार्थी रैली एवं नारों के माध्यम से ग्रामीणों को अनेक सामाजिक कुरीतियों जैसे नशाखोरी, अशिक्षा, व्यसन, पारिवारिक विघटन जैसी गंभीर और महत्वपूर्ण विषयों पर जन-जागरुकता फैलाई गई।









### विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति

इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें हिमाक्षी सोनवानी एवं साथियों द्वारा सरस्वती वंदना, हेमलता एवं मीनाक्षी साहू द्वारा स्वागत गीत, तामेश्वरी एवं साथियों द्वारा समूह नृत्य और छत्तीसगढ़ महतारी, लक्ष्मी द्वारा पंथी गीत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर तामेश्वरी निषाद द्वारा कविता पाठ एवं अन्य प्रस्तुतियां दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन बीएड प्रथम सेमेस्टर की विद्यार्थी कुमारी प्रतिभा सिंह, डोमेश कुमार और लावण्या के द्वारा किया गया।



### प्रोफेसर्स ने निभाई विशेष भूमिका

कार्यक्रम में डॉ.पापा राव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा संकाय की प्राध्यापक डॉ.छाया सोनपीपरे, डॉ.सुमित्रा मौर्य, डॉ.के.नागमणि, डॉ.अनुपमा भोसले, डॉ.शबाना, डॉ.अनीता श्रीवास्तव एवं बीएड के विद्यार्थी कोसम सिंह, तरुण मानिकपुरी, हेमलाल पूजा, राहुल साहू, ज्योति, युवराज, मोनेश्वर, बसंती नेताम, अनामिका, अखिलेश, अनीस टंडन, कांति लाल, लेखा बघेल, विनोद, ऋषिका, प्रफुल्ल, गीतांजलि, वंशिका आदि मौजूद रहे।

### दलों में बंटकर की गई जनसेवा

सभी विद्यार्थी अलग-अलग दल में विभाजित होकर विभिन्न सामाजिक कार्यों में लग गए। प्रथम दल द्वारा विद्यालय परिसर में स्वच्छता की अलख जगाई गई। दूसरे दल द्वारा विद्यालय में शिक्षण कार्य के प्रति सजग किया गया। तीसरे दल द्वारा मंच की सफाई की गई। चौथे दल द्वारा स्वास्थ्य और स्वच्छता के विषय में जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा 60 विद्यार्थियों के एक दल ने गांव में विभिन्न विषय में सर्वेक्षण का कार्य किया गया। दोपहर दो बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर सामाजिक मुद्दों को रेखांकित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम चिंगरी की सरपंच पुष्पा वाघमारे, शासकीय माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक जितेंद्र चंद्राकर, शासकीय प्राइमरी विद्यालय के प्रधान पाठक मेघराज देशमुख, संकुल समन्वयक प्रवेश देवांगन और पंच लोकेश्वरी साहू, शिक्षा संकाय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ ईश्वर सिंह, डॉ.कविता वर्मा और कार्यक्रम प्रभारी डॉ.अनिर्बन चौधरी उपस्थित रहे। डॉ.ईश्वर सिंह ने सामुदायिक कार्यों की शिविर में जानकारी प्रदान की और अतिथियों का स्वागत किया गया। सरपंच पुष्पा वाघमारे ने बीएड के प्रशिक्षार्थियों के योगदान की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया।

## सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक एकता का आयोजन 18 को, वार्षिक उत्सव में होंगी स्पर्धाएं

■ संताजी महाराज सांस्कृतिक मंडल, महाराष्ट्रीयन तेली समाज का वार्षिक उत्सव



**भिलाई।** संताजी महाराज सांस्कृतिक मंडल, महाराष्ट्रीयन तेली समाज द्वारा हर साल आयोजित होने वाला वार्षिक उत्सव इस वर्ष 18 जनवरी रविवार को खंडेलवाल भवन वैशाली नगर में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन शामिल होंगे। समाज की सांस्कृतिक परंपरा, आपसी सौहार्द्र और सामाजिक एकता को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में स्नेह सम्मेलन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, विभिन्न प्रतियोगिताएं, सम्मान और पुरस्कार वितरण जैसे आयोजन होंगे। आयोजन को लेकर आयोजित बैठक में समाज के अध्यक्ष राजेंद्र डोरले, महिला समाज की प्रमुख निशा मलेवार, सचिव हेमा पोहाने, कोषाध्यक्ष संजय मरगढ़े तथा अध्यक्ष राजेंद्र भांगे प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर डॉ. अजय आर्य ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन केवल उत्सव नहीं होते, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, संस्कार और सामाजिक दायित्वों से जोड़ने का सशक्त माध्यम होते हैं। समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी से विकास का मार्ग प्रशस्त होता है।

वहीं डॉ. अजय मलेवार ने भी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता निभाने और समाज नेतृत्व ने सभी समाजिक जनों को उपस्थित रहने प्रोत्साहित किया। उन्होंने खंडेलवाल भवन, वैशाली नगर में आयोजित वार्षिकोत्सव में शामिल होने की बातें कही। साथ ही समाज की एकता और पहचान को अधिक मजबूत करने को कहा।

## लीनेस ने भिक्षुक भोज और कंबल बांट कर वंचितों को दी गई राहत





**भिलाई।** नववर्ष के पहले सप्ताह में लीनेस क्लब भिलाई का विशिष्ट सेवा कार्य संपन्न हुआ। ऑल इंडिया लीनेस क्लब डि सीएम-1 सम्पदा के अंतर्गत लीनेस क्लब भिलाई ने नए साल के पहले हफ्ते में दो अलग-अलग स्थानों पर सेवा कार्यों को अंजाम दिया। जिसमें भिक्षुकों को भोजन करवाया गया, वहीं ठंड के इस मौसम में परेशान वंचित समुदाय के बीच कम्बल का वितरण किया गया।

लीनेस क्लब पदाधिकारियों ने साईं बाबा मंदिर सेक्टर-6 के आसपास बैठे भिक्षुकों को भोजन करवाया। सभी भिक्षुकों ने लीनेस पदाधिकारियों का इसके लिए आभार जताया। इसी क्रम में लीनेस क्लब ने औद्योगिक क्षेत्र स्थित बस्ती में वंचित समुदाय के बीच कम्बल का वितरण किया।

जिससे इस भीषण ठंड में लोगों को राहत मिले। इन दोनों विशिष्ट सेवा कार्य में लीनेस क्लब की अध्यक्ष कल्पना श्रीवास्तव, सचिव मनीषा सिन्हा, अरुणा लिंगाला, स्नेहा शर्मा और सुषमा रंधावा सहित सभी सदस्याएं उपस्थित थे।

69वीं राष्ट्रीय शालेय बालक 14 वर्ष कबड्डी

# कबड्डी बहुत कम लागत और संसाधन का खेल, ग्रामीण अंचल में काफी लोकप्रिय, प्रतियोगिता का हुआ समापन

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** 69वीं राष्ट्रीय शालेय बालक 14 वर्ष कबड्डी प्रतियोगिता का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित थे। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कबड्डी बहुत कम लागत में और कम संसाधन मे खेला जाने वाला खेल है। इसलिए यह खेल ग्रामीण अंचलो में काफी लोकप्रिय है। प्रो कबड्डी आने से अब यह खेल सभी क्षेत्रो मे लोकप्रिय हो गया है।



### प्रतियोगिता में 28 राज्य के 328 खिलाड़ियों ने लिया भाग

6 जनवरी से शुरु हुए यह राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता बीएनएस सेक्टर 8 और राजेश पटेल स्टेडियम सेक्टर 2 भिलाई के दो डोम शेड के खेल मैदान मे सम्पन्न हुआ। स्वागत भाषण देते हुए आर एल ठाकुर संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग ने बताया कि इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट मे कुल 28 राज्य के 328 खिलाड़ी और लगभग 120 ऑफिशियल्स भाग लिए। टूर्नामेंट मे प्रथम स्थान छत्तीसगढ़, द्वितीय बिहार, तृतीय हरियाणा और चतुर्थ स्थान पर तेलंगाना रहे। बेस्ट रेडर का पुरस्कार छत्तीसगढ के खिलाड़ी को तथा बेस्ट कैचर का पुरस्कार बिहार के खिलाड़ियों को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विश्व दीप स्कूल के छात्र-छात्राओं और सेजस बालाजी की छात्राओ ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सबका मनमोह लिया। कार्यक्रम में सुमधुर संगीत से आरिफ ने अपनी टीम के साथ समां बांधे रखा।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में टीपीआई से शुक्ला, शैलेष शर्मा, व्यायाम शिक्षक विनोद नायर, राजेश देवांगन, मोतीलाल साहू, अशोक कुमार रिगरी, मोहित साहू, उमेश निर्मलकर, मास्टर ऑफ सेरेमनी यीतेश साहू, सीतेश्वर साहू, सनत साहू सहित सभी राज्यों के दल प्रबंधक ऑफिशियल्स उपस्थित रहे। मंच संचालन ममता ध्रुव और नरोत्तम साहू ने और आभार व्यक्त कल्पना स्वामी सहायक संचालक खेल दुर्ग संभाग ने किया।



## समाज लाइव

## नागरिक सहकारी बैंक के 16 समूहों में होंगे चुनाव, आज मतदान



■ प्रत्यायुक्त सदस्य पद के 32 प्रत्याशी चुनाव में आजमाएंगे अपना भाग्य

**दुर्ग।** नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग के 16 समूहों में प्रत्यायुक्त सदस्य पद के लिए चुनाव होंगे। 16 समूहों के चुनाव के लिए कुल 32 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमाएंगे। प्रत्याशियों की यह स्थिति सोमवार को नामांकन वापसी की प्रक्रिया खत्म होने के बाद स्पष्ट हुई है। नामांकन वापसी के दिन सोमवार को दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस लिया। जिसमें समूह प्रत्याशी अखिलेश अग्रवाल और प्रत्याशी अब्दुल गफ्फार रिजवी शामिल है। नागरिक सहकारी बैंक के 117 समूहों में चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की गई थी। जिसके लिए 154 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किए गए थे। जिनमें से 143 नामांकन वैध पाए गए थे। नामांकन वापसी की मियाद खत्म होने पर इन 117 समूहों में से 80 समूहों में प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए है। इसके अलावा 21 समूहों में किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन दाखिल नहीं किए गए थे। 16 समूहों में निर्वाचन की स्थिति बनी है। मतदान 11 जनवरी को गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज भवन, मोतीपारा में किए जाएंगे। मतदान सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जायेगा। मतदान के बाद उसी स्थान पर मतगणना की जाएगी और परिणामों की घोषणा की जाएगी। सोमवार को नामांकन वापसी की प्रक्रिया रिटर्निंग अधिकारी देवाशीष दास के मार्गदर्शन और रजिस्ट्रार ऑफ को-ऑपरेटिव सोसायटी दुर्ग के कर्मचारियों की देखरेख में पूरी की गई। नामांकन पत्रों की वापसी के दौरान बैंक मुख्यालय हॉस्पिटल वार्ड पचरीपारा में गहमागहमी का माहौल रहा। इस दौरान नागरिक सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष कमलनारायण रुंगटा, राजेश यादव, पवन बड़जात्या, संजय सिंह, सुशील रुंगटा, मनोज ताम्रकार, वेंकट शास्त्री राव, दिलीप देशमुख, राजकुमार वर्मा, रमेश शर्मा, अखिलेश मिश्रा, तेजबहादुर बंछोर, संदीप जैन, धनेन्द्र कांत चंदेल के अलावा अन्य अभ्यर्थी व बैंक से जुड़े सदस्य मौजूद रहे।

● माथे पर चंदन और शिखा सनातनी की पहचान,- सुमधुर भजनों में झूमें भक्त

# भगवान से उनकी भक्ति मांगना सिखाती है भागवत कथा श्रद्धा से पढ़ने या सुनने से हृदय में वास करते हैं ईश्वर : आचार्य

भिलाई। जो मनुष्य श्रद्धा से भागवत कथा को पढ़ते या सुनते है तो वे कथा का श्रवण करते समय अपनी भक्ति से ईश्वर को अपने हृदय में अविचल रुप से स्थापित कर लेते है। ईश्वर का ज्ञान और उनमें भक्ति को प्राप्त करने के दो परम साधन कथा को सुनना व पढ़ना ही माना गया है। जिसके लिए मनुष्य कामना करें और यह दोनो साधन भागवत कथा से पूरी तरह मिल जाते है। प्रभु के प्रति अटूट भक्ति के संदर्भ में यह बातें आचार्य संदीप तिवारी ने भागवत सप्ताह के द्वितीय दिवस बताई। कथा के दूसरे दिन यजमान अमित सपना श्रीवास्तव और सुशांत नीलम सिंह ने कथा सुनकर आरती में भाग लिया। सम्प्रति सेवा समिति भिलाई के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन 1 से 5 बजे तक श्रीरामभद्र सेवा मंडल सेक्टर 2 में सर्वजन कल्याणार्थ के उद्देश्य से किया गया है। शनिवार को आचार्य पं संदीप तिवारी द्वारा कथा के द्वितीय दिवस मंगलाचरण, सुकदेव अवतार, राजा परिक्षित जन्म, श्रृष्टी विस्तार, हिरण्याक्ष वध, वाराह अवतार, कर्दम ऋषि का देहुति का विवाह व उनकी नौ कन्याओं के साथ एक पुत्र कपिल अवतार के साथ वराह अवतार आदि प्रसंगों का विस्तार पूर्वक व्याख्या किया गया।



### बताया सृष्टि का विस्तार

कथावाचक ने कथा के दूसरे दिन मनुष्यों में दया भाव व उदारता के संदर्भ में कथा की व्याख्या करते हुए बताया कि भागवत रुपी ज्ञान की गंगा मनुष्य के लिए अत्यंत परोपकारी है। यह कथा ज्ञान भक्ति का विशाल समुद्र है। मनुष्यों में परस्पर प्रेम और प्राणिमात्र के प्रति दया का भाव स्थापित करने के लिए इससे बड़ा कोई साधन नही है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे प्रभु ने सृष्टि का विस्तार किया।



### भागवत क्या है

आचार्य संदीप तिवारी ने भागवत क्या है के संदर्भ में बताया कि वेद रुपी वृक्ष का फल भागवत कथा है। भागवत में शुकदेव जी मुख लगा दिये तो कथा में अमृत रस आने लगा। भागवत श्रवण करने का कौन अधिकारी है के विषय में बताते हुए कहा कि भागवत कथा श्रवण करने के अधिकारी रसिकजन यानी प्रभु के भक्त ही है।

### भजनों में झूम उठे भक्त

कथा के दौरान सुमधुर भजनों से पूरा वातावरण भक्ति में सराबोर दिखाई दिया। भागवत कथा सप्ताह में चित्रकूट से आए भजन कलाकारों दवरा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जा रही है। कथा व भजनों को सुनने सैंकड़ों की संख्या में भक्त कथा पंडाल में प्रतिदिन पहुंच रहे है।

### आज होगी इनकी व्याख्या

भागवत सप्ताह के तीसरे दिन कपिल देवहूति संवाद, सती चरित्र, शिव पार्वती विवाह, जड़ भरत कथा, ध्रुव चरित्र, अजामिल उपाख्यान, गजेन्द्र मोक्ष एवं वामन अवतार कथा के प्रसंगों का विस्तार से व्याख्या आचार्य संदीप तिवारी द्वारा किया जाएगा। कथावाचक ने बताया कि भागवत एक ऐसा ग्रंथ है जिसमें किसी विशेष देवी-देवताओं को नही बल्कि सत्य को प्रणाम किया गया है। उन्होंने व्याख्या करते हुए बताया कि सत्य ही राम है, सत्य ही नारायण, शिव और कृष्ण है। क्योंकि जहां सत्य है वहीं देवताओं का वास होता है।

## सिटी इवेंट

## प्रदेश स्तरीय मंडई के 7वें वर्ष का आयोजन 1 फरवरी को



■ मुख्यमंत्री जनदर्शन रायपुर में छत्तीसगढ़ कोसरिया

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय मंडई के 7वें वर्ष का आयोजन 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित किया जयेगा। जिसके लिए गहिरा -मंडई पोस्टर का विमोचन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव सायं द्वारा किया गया।

इस अवसर पर यादव समाज दुर्ग से गहिरा गुरु व गहिरा मंडई के संयोजक राजेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष हर्ष यादव, प्रदेश सचिव उमराव यादव, रायपुर जिला अध्यक्ष रोमनाथ यादव उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के गहिरा यादव समाज द्वारा मंडी के देवी का मड़ई निकाला जाता है,जो गहिरा -मंडई के नाम से लोकप्रिय है, प्रदेश स्तरीय गहिरा -मंडई हरदेव लाला मंदिर प्रांगण, शहिद उस्मान वार्ड क्रमांक 63 टीकरा पारा रायपुर से मंडी के देवी मड़ई का विधी विधान से पूजा अर्चना शुभारंभ किया जाता है, जिसका समापन जय बाबा हटकेशवर नाथ धाम, महादेव घाट रायपुरा रायपुर में विधी विधान से पूजा अर्चना पश्चात राऊत नाच दल,व गहिरा - मंडई दल को पुरस्कृत व सम्मानित कर विदाई दी जाती है। जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिला व संभाग से गहिरा यादव, गहिरा मंडई मेला देखने महादेव घाट माघी पूर्णिमा में आते है साथ ही जहां पर यादवों को विभिन्न स्तर पर पुरस्कृत व सम्मानित किया जाता है।

## कला साहित्य अकादमी की बैठक

## दिवंगत तीन वरिष्ठ साहित्यकारों को दी गई श्रद्धांजलि, प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने पर चर्चा

**भिलाई।** कला साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ की एक महत्वपूर्ण बैठक रविन्द्र निकेतन, कालीबाड़ी, हुडको के प्रांगण में आयोजित की गई। इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए।

सभा की शुरुआत में दिवंगत हुए तीन वरिष्ठ साहित्यकारों विनोद कुमार शुक्ल रायपुर, नासिर अहमद सिकंदर भिलाई और ज्ञानरंजन जबलपुर के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अकादमी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मणिमय मुखर्जी ने सभी सदस्यों को नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कला, साहित्य, नाटक, संगीत, नृत्य एवं सिनेमा समाज की चेतना को समृद्ध करते हैं और अकादमी आने वाले समय में नई ऊर्जा के साथ सार्थक, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रेरक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जायेगी। उन्होंने नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन पर विशेष बल दिया।बैठक में अकादमी के अध्यक्ष शक्ति चक्रवर्ती ने वर्ष भर की गतिविधियों का संक्षिप्त



विवरण प्रस्तुत किया और नए साल में भविष्य की योजनाओं के सुचारु संचालन के लिए युवा पीढ़ी को जोड़ते हुए एक सशक्त कोर कमेटी एवं नए पदाधिकारियों के गठन पर विचार-विमर्श की जानकारी दी। बैठक में संस्था की आगामी योजनाओं एवं कार्यकारिणी सदस्यों के लिए सुझाव मंगाये गए, जिसमें बड़ी संख्या में सदस्यों ने खुलकर अपने विचार रखे और अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए। चर्चा में त्रिलोक तिवारी, पवन गुप्ता, जयप्रकाश नायर, अजय विनायक, सुलेमान खान, हरजिंदर सिंह, प्रदीप कुमार मित्रा, शरिता श्रीवास्तव, सुमिता पाटिल, बबलू विश्वास, शक्ति चक्रवर्ती सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। सदस्यों द्वारा संस्था के कार्यक्रमों के स्तर को और ऊंचा तथा अधिक व्यावसायिक बनाने, संस्था की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने, व्यय प्रबंधन के स्रोत विकसित करने तथा युवाओं एवं कलाकारों को अधिक संख्या में संस्था से जोड़ने जैसे विषयों पर सार्थक सुझाव दिए गए। इस अवसर पर शांतनु दासगुप्ता द्वारा गुरुघासीदास केंद्रीय विवि के कुलपति द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार मनोज रूपड़ा के साथ किए गए अमर्यादित व्यवहार के विरोध में एक निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने समर्थन दिया। प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर उसे राज्यपाल तक प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में देश–विदेश में ख्याति प्राप्त कलाकारों, रंगमंच के वरिष्ठ साथियों तथा बड़ी संख्या में महिला रंगमंच कलाकारों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

## भारती विवि में मनाई जयंती

## निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग में दर्शाया सावित्रीबाई का संघर्ष



**भिलाई।** प्रथम महिला शिक्षका और समाज सुधारक सावित्रीबाई फूले की जयंती भारतीय विश्वविद्यालय दुर्ग मे प्रेरणादायक कार्यक्रम के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नारी शिक्षा, सशक्तिकरण एवं सामाजिक समानता के क्षेत्र में किए गए उनके योगदान को स्मरण करने और विद्यार्थियों में उनके विचारों के प्रति जागरूकता लाने के लिए किया गया था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने निबंध लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओ में उत्साहपूर्वक भाग लिया और सावित्रीबाई फुले के जीवन, संघर्ष और आदर्शों को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके सामाजिक सुधार एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए गए ऐतिहासिक कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संयोजक निकिता फरासखानेवाला, नीतू साहू, शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज मौर्य, डॉ. अखिलेश सेन, हेमलता चंद्राकर, डॉ. नीलम त्रेहन, डॉ. प्रभा गिरी, डॉ. तनुजा चंद्राकर, डॉ. दुर्गा श्रीवास्तव ने योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन झरना ने किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सावित्रीबाई फुले के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर शिवालयों में पूजा, आरती और गूंजे मंत्र जाप



**भिलाई।** सोमनाथ मंदिर के एक हजार वर्ष पूरे होने पर राज राजेश्वरी मंदिर, शिव संतोषी मंदिर, तीन दर्शन मंदिर में ओंकार का जाप हर हर महादेव के जयकारे और भजन द्वारा पूजा अर्चना किया गया।भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व व प्रदेश संगठन के निर्देश पर भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के मार्गदर्शन में सभी शिवालयों में पूजा आरती और मंत्र जाप का आयोजन कैंप मंडल अध्यक्ष तरुण सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर भाजपा कैंप मंडल के जिला उपाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह, जिला प्रवक्ता विजय सिंह, प्रदेश अनुसूचित जनजाति कार्यसमिति सदस्य संजय जायसवाल, युवा मोर्चा आई टी सेल सहसंयोजक अमित मिश्रा, कैम्प मंडल महामंत्री लतेल यादव, कैम्प मंडल उपाध्यक्ष अवतार सिंग, सोहन लाल देवांगन, मंडल मंत्री रिंकू पाल, मंडल सह कोषाध्यक्ष रामराव, अनिल सोनी, धर्मेंद्र पंडित, पार्षद लक्ष्मी साहू, मंडल कार्यालय प्रभारी अखिलेश सिंह, शुभम साव, विनय साव, अतुल चक्रवती, भोला साव, प्रतिभा चौहान, मंजू प्रसाद, दुर्गेश चौधरी सहित जिला, मंडल मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी पार्षद, बूथों के अध्यक्ष सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दुर्ग की एथलेटिक्स पुरुष, महिला व क्रिकेट पुरूष टीम प्रतियोगिता में भाग लेने हुई रवाना

# एथलेटिक्स और क्रिकेट के खिलाड़ियों को दिया ट्रेकसूट ड्रेस और जूता, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने किया प्रोत्साहित

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की ऑल इंडिया एथलेटिक्स पुरूष व महिला टीम मंगलोर में 12 से 16 जनवरी और क्रिकेट पुरूष टीम कटट्क ओडिसा में 10 से 22 जनवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुए। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए 7 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित कराया गया। एथलेटिक्स महिला व पुरूष टीम के मैनेजर लोकेश ठाकुर क्रीड़ाधिकारी शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई और कोच पूर्णिमा ठाकुर क्रीड़ाधिकारी शासकीय महाविद्यालय घोटिया बालोद है। वहीं क्रिकेट पुरूष टीम के मैनेजर मुरली मनोहर तिवारी क्रीड़ाधिकारी स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय हुडको और कोच डॉ. मोरध्वज सोनवानी क्रीड़ाधिकारी शासकीय महाविद्यालय अम्बागढ़ चौकी के मार्गदर्शन में खिलाड़ी प्रतियोगिता में टीम प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो डॉ. संजय तिवारी और कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने बेहतर प्रदर्शन करने शुभकामनाएं दी। टीम के सभी खिलाड़ियों को ट्रेकसूट, ड्रेस और जूता प्रदान किया गया। इस अवसर पर खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव, उपकुलसचिव डॉ. राजमणि पटेल, सहायक कुलसचिव श्री हिमांशु मण्डावी एवं सहायक कुलसचिव श्री दिग्विजय साहु उपस्थित रहे।



### पुरुष क्रिकेट टीम में ये खिलाड़ी हैं शामिल

क्रिकेट पुरूष टीम में शामिल खिलाड़ियों में अंबरीश कुमार सिंह स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय हुडको, दिग्विजय पटेल स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय हुडको, आलोक कुमार गुप्ता स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय हुडको,शिवेन्द्र कुमार तिवारी स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय हुडको, गर्व कुमार सिंह एसटी. थॉमस कॉलेज रूआबांधा भिलाई,अमन कुमार मिश्रा मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई, अभ्युदय सिंह कल्याण पीजी कॉलेज भिलाई, ऋषभ भूआर्य स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय हुडको,आलोक कुमार एसटी. थॉमस कॉलेज रूआबांधा भिलाई, समर्पित ठाकुर एसटी. थॉमस कॉलेज रूआबांधा भिलाई, ऋत्विक ठाकुर स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज हुडको, चिन्मय विश्वकर्मा स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय हुडको, ऋषि शर्मा शासकीय महाविद्यालय अंबागढ़ चैकी, आर्य श्रीवास्तव शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, मोहम्मद शान आलम शासकीय नेहरू पीजी कॉलेज, थलेन्द्र कुमार यदुवंशी शासकीय पीजी कॉलेज दुर्ग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने रवाना हुए।

### एथलेटिक्स में ये खिलाड़ी हैं शामिल

एथलेटिक्स पुरूष व महिला टीम में शामिल खिलाड़ियों में तिलक बार्सेल शासकीय पीजी महाविद्यालय बालोद, कृष साहनी शासकीय पीजी महाविद्यालय दुर्ग, हर्ष कुमार साहू शासकीय पीजी महाविद्यालय दुर्ग, भूपेश मंडावी शासकीय पीजी महाविद्यालय दुर्ग, नीता सलामे मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई, साक्षी यादव शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### क्रिकेट में शंकराचार्य की जीत, प्लेयर ऑफ द मैच रहे सोहम



**भिलाई।** भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) द्वारा आयोजित अंतरशालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत शनिवार को विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। टीम एस एस वीएस के विरुद्ध श्री शंकराचार्य विद्यालय हुडको ने 7 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में एस एसवीएस 180 रन पर आउट हो गई। ए अली ने 50 रन, जाकिर ने 38 रन, ए कुमार ने 28 रन और एस सिंह ने 26 रन बनाएं। गेंदबाजी में श्री शंकराचार्य विद्यालय हुडको के सोहम सिंह ने तीन विकेट, गुणराज सिंह एवं आदित्य ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में श्री शंकराचार्य विद्यालय हुडको ने 3 विकेट पर 183 रन बनाए। सोहम सिंह ने नॉट आउट 78 रन और बीपी सिंह ने 38 रन बनाएं। गेंदबाजी में एस एसवीएस के डी कुमार, ए जाकिर और ए साहू ने एक-एक विकेट लिए। इस मैच के अंपायर मोहम्मद अलीम एवं सुमन लाल देवांगन और स्कोरर विनोद देवघरे थे। इस मैच के प्लेयर ऑफ द मैच सोहम सिंह को पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी के राजगोपालन के हाथों पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पी गोपाल राव, प्रशांत भारद्वाज, जी प्रेमनाथ, विक्रम दुबे, बृजेश पांडे, विजेश कनौजिया, समीर शर्मा, मोहम्मद दाऊद, सुनील कुमार डड़सेना, वेंकट रमन और हरप्रीत सिंह उपस्थित थे।

### क्रिकेट में एसएमएस, कोक ओवन, वे ब्रिज और ब्लास्ट फर्नेस की जीत



**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट के इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग की अंतर अनुभागीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत शनिवार को विभिन्न विभागों के बीच रोचक मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम एसएमएस-3 ने रोलिंग मिल के विरुद्ध 21 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच दिनेश कुर्रे रहे। दूसरे मैच में पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन के विरुद्ध कोक ओवन ने 8 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ़ द मैच नितेश रहे। तीसरे मैच में रोलिंग मिल के विरुद्ध एसएमएस एवं वे ब्रिज की संयुक्त टीम ने 28 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ़ द मैच राहुल रहे। चौथे मैच में ब्लास्ट फर्नेस की टीम ने कोक ओवन के विरुद्ध 37 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच खोमेन रहे। पांचवें मैच में रोलिंग मिल ने प्लेट मिल के विरुद्ध 6 विकेट से जीत हासिल की। प्रतियोगिता का उद्घाटन अतिथि तापस दास गुप्ता सीजीएम इंचार्ज आयरन ने किया. इस अवसर पर तुषार कांत सीजीएम इंचार्ज सर्विसेज, बीके बेहरा सीजीएम इंचार्ज एमएंडयू, रवि शंकर सीजीएम ए एन डी, उत्पल दत्ता सीजीएम टाउन सर्विसेज, प्रमोद कुमार सिंह सीजीएम मैकेनिकल, एच सचदेवा सीजीएम शॉप एवं भूतपूर्व जी एम इंचार्ज एसके केसर, जीके कुंडू जीएम इंस्ट्रूमेंटेशन, ए एम डैनी जीएम इंस्ट्रूमेंटेशन एवं अध्यक्ष ऑर्गेनाइजिंग कमिटी राणा प्रताप सिंह सचिव सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन अनिल मिश्रा एवं आशुतोष शुक्ला ने किया। इन मैचों के अंपायर हिमाचल साहू ,नोगेश्वर डहरिया एवं स्कोरर विनोद देवघरे हैं।

### इन्टरनेशनल बोर्ड तैराकी में अद्विका ने जीता बेस्ट स्विमर का खिताब



**रायपुर।** मुम्बई में आयोजित एक दिवसीय इन्टरनेशनल बोर्ड तैराकी प्रतियोगिता में राजधानी की तैराक अद्विका सिंह ने अन्डर-9 वर्ग के 50 मी. फ्री स्टाईल गोल्ड, 50 मी. बैंक स्ट्रोक गोल्ड, 50 मी. बटर फ्लाई सिल्वर मेडल के साथ-साथ बेस्ट स्विमर आवर्ड जीता है। स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 9 व 10 जनवरी को मैंगलोर कर्नाटक में आयोजित ओपन वाटर स्विमिंग काम्पिटिशन के ओपन वर्ग 10 की. मी. मे शगुन सिंह 5 वां, अन्डर 13 वर्ग 3 की. मी. में वेदा राव शिंदे व अन्विका शर्मा 15 वा, अन्डर 11 वर्ग 1 की. मी. में सोना दास 6 वा,अन्डर- 11 बालक वर्ग मे विहान सिंह 14 वा स्थान प्राप्त करने में सफल रहे। एन.आई.एस. कोच प्रमोद फरिकार ने जानकारी दी कि यह प्रतियोगिता समुद में होने के कारण समुद्री क्षेत्र के तैराको को इसका लाभ मिला। नई राजधानी के सेन्ध लेक व धमतरी के गंगरेल बांध आदि पर इसकी तैयारी कराई जाए तो निश्चित ही इस प्रतियोगिता पर छत्तीसगढ के तैराक राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का मान बढ़ा सकते है। तैराकी संघ की संरक्षक महापौर मीनल चौबे, अध्यक्ष डॉ. मनीष शुक्ला, सचिव नरसिंह फरिकार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

---

बदलती लाइफ स्टाइल के चलते बहुत सी आदतें बढ़ा रही हैं जोखिम

# नौजवानों में भी बढ़ रहा ब्रेन स्ट्रोक का खतरा, शरीर हो सकता है लकवाग्रस्त

पिछले कुछ वर्षों में हार्ट अटैक के साथ स्ट्रोक के मामले भी काफी बढ़ते हुए देखे गए हैं। ये दोनों ही समस्याएं जानलेवा हो सकती हैं, दुर्भाग्यवश कम उम्र के लोगों में भी इसका जोखिम काफी तेजी से बढ़ता हुआ पाया गया है।

ब्रेन स्ट्रोक, दुनियाभर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। इससे जो लोग जीवित बच जाते हैं उनमें कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं जैसे लकवाग्रस्त होने, बोलने-दृष्टि से संबंधित दिक्कत, संज्ञानात्मक समस्याओं का खतरा हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, 40 से कम उम्र के लोगों में भी स्ट्रोक के मामलों को बढ़ते हुए देखा गया है, जो निश्चित ही गंभीर चिंता का विषय है। ब्रेन स्ट्रोक तब होता है जब कोई चीज मस्तिष्क के हिस्से में रक्त की आपूर्ति को अवरुद्ध कर देती है या किसी कारणवश मस्तिष्क में रक्त वाहिका फट जाती है। स्ट्रोक से स्थाई रूप से मस्तिष्क को क्षति, दीर्घकालिक रूप से विकलांगता या यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है। सभी लोगों में स्ट्रोक के लक्षण हों ये जरूरी नहीं है, कुछ शोध से पता चलता है कि लक्षण-मुक्त स्ट्रोक अधिक सामान्य हैं। किन कारणों से स्ट्रोक का खतरा युवाओं-वयस्कों में भी बढ़ रहा है, यह आपको जानना जरूरी है।



### युवा-वयस्कों में बढ़ रहा है स्ट्रोक का खतरा

न्यूरोलॉजिस्ट डॉ प्रखर सहाय बताते हैं, स्ट्रोक किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकता है। मोटापा, उच्च रक्तचाप और मधुमेह वो प्रमुख कारण हैं जो युवा वयस्कों में इस समस्या के जोखिमों को बढ़ा रहे हैं। वृद्ध लोगों में स्ट्रोक अधिक आम है। हालांकि करीब सात में से एक स्ट्रोक का मामला 15-49 आयु वर्ग के लोगों में देखा जा रहा है। 2021 के शोध से पता चलता है कि 10-15% स्ट्रोक 18-50 आयु वर्ग के वयस्कों में होते हैं। हमारी गड़बड़ दिनचर्या भी इस खतरे को बढ़ाने का कारण है।

### मोटापा और स्ट्रोक का खतरा


नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डायबिटीज एंड डाइजेस्टिव किडनी डिसऑर्डर की रिपोर्ट से पता चलता है कि मोटापा, स्ट्रोक होने के खतरे को कई गुना तक बढ़ा देता है। मोटापे के कारण कई तरह की जटिलताओं जैसे उच्च रक्तचाप, डायबिटीज और रक्त वाहिकाओं की समस्या भी बढ़ने लगती है जो इसका प्रमुख जोखिम कारक है। डॉ सहाय कहते हैं, अगर वजन को कंट्रोल कर लिया जाए तो इस गंभीर और जानलेवा समस्या के जोखिमों से बचाव किया जा सकता है।



### हाई ब्लड प्रेशर-डायबिटीज की समस्या

हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज, ये दो प्रमुख कारण हैं जो स्ट्रोक का खतरा बढ़ा सकते हैं। दुर्भाग्यवश युवाओं में ये दोनों समस्याएं भी तेजी से बढ़ती जा रही हैं। हाई ब्लड प्रेशर के कारण धमनियों की दीवारों पर उच्च दबाव पड़ता है, इससे मस्तिष्क को रक्त की आपूर्ति करने वाली धमनियां फट सकती हैं या अवरुद्ध हो सकती हैं।

वहीं मधुमेह में हाई ब्लड शुगर की स्थिति मस्तिष्क



सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगती है जिसके कारण भी स्ट्रोक हो सकता है। जिन लोगों को ये दोनों बीमारियां हैं उन्हें इसे कंट्रोल में रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना जरूरी है।

### धूम्रपान सबसे बड़ा कारण

विशेषज्ञ कहते हैं, युवाओं-वयस्कों में स्ट्रोक के अधिकतर मामलों के निदान में देखा जाता है कि रोगी धूम्रपान के शिकार रहे हैं। धूम्रपान या सेकेंड हैंड धुएं में सांस लेना भी स्ट्रोक के खतरे को बढ़ा सकता है। इस एक आदत के कारण रक्त में ट्राइग्लिसराइड्स, बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के साथ रक्त का थक्का जमने की आशंका भी अधिक हो जाती है। रक्त वाहिकाएं मोटी या संकीर्ण होने लगती हैं जिसके कारण स्ट्रोक हो सकता है। धूम्रपान से बिल्कुल दूरी बनाना स्ट्रोक के खतरे से बचाव के लिए सबसे आवश्यक है।

---



## ठंड में करते हैं योगासन तो इन बातों का रखें खास ध्यान

योग के दौरान शरीर में ऊर्जा उत्पन्न होती है और इससे शरीर का तापमान बढ़ता है, लेकिन वहीं अगर बाहर का तापमान कम है तो इससे सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

ठंड के मौसम में योगासन करना काफी जरूरी है, क्योंकि इन दिनों में शारीरिक गतिविधि काफी काम हो जाती है और ऐसे में योग का अभ्यास आपको फिट रखने में मददगार हो सकता है। लेकिन इसका पूरा लाभ लेने के लिए ठंड में योगासन करते वक्त आपको कुछ बातों का खास ध्यान रखना चाहिए, वरना इसके लाभ के बजाय हानि का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, ठंड का मौसम सेहत के लिहाज से काफी संवदेनशील होता है। इस मौसम में जरा सी भी लापरवाही आपके सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। खासकर ठंड में योगासन जैसी गतिविधि करते वक्त अगर कुछ सावधानियों का ध्यान न रखा जाए तो इससे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। इस आर्टिकल में आपको इसी बारे में बता रहे हैं कि ठंड के दिनों मे योगासन करते वक्त किसी तरह की सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए।

दरअसल, हमने इस बारे में 'मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान' की योग प्रशिक्षक मधु खुराना से बात की और उनसे मिली जानकारी यहां हम आपके साथ शेयर कर रहे हैं।

### तापमान का संतुलन बनाए रखें

ठंड के मौसम में योगासन करते वक्त अपने शरीर के



साथ ही आसपास के तापमान का भी ध्यान रखना चाहिए। इसलिए सबसे पहले तो योग का अभ्यास करने के लिए एक उचित स्थान का चुनाव करें, जहां बहुत अधिक ठंड न हो। क्योंकि योग के दौरान शरीर में ऊर्जा उत्पन्न होती है और इससे शरीर का तापमान बढ़ता है, लेकिन वहीं अगर बाहर का तापमान कम है तो इससे सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए योग के तुरंत बाद आपको ठंड में बाहर नहीं निकलना चाहिए।

### योग के लिए सही कपड़ों का चुनाव करें

शरीर के तापमान को संतुलित रखने के लिए ठंड में योग के लिए सही कपड़ों का चुनाव करना जरूरी है। इन दिनों में योग करते वक्त आपको गर्म कपड़े पहन कर रखना चाहिए, साथ ही योग के अभ्यास के लिए गर्म दरी या योगा मैट का प्रयोग करना चाहिए। ताकि योग के दौरान शरीर में उत्पन्न ऊर्जा शरीर से बाहर जल्द ही बाहर न निकल जाए।

### योगासन से पहले वार्मअप जरूर करें

ठंड के मौसम में कभी सीधे योगासन नहीं करना चाहिए, बल्कि इससे पहले आपको वार्म अप जरूर करना चाहिए। ताकि शरीर में रक्त संचार बेहतर हो सके और शरीर योग के अभ्यास के लिए तैयार हो सके। खासकर ठंड के दिनों किसी भी तरह के योगासन की शुरूआत से पहले सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास करना चाहिए, ताकि जोड़ों की अकड़न दूर हो सके।

### दिल के मरीज रखें खास ध्यान

सर्दियों में रक्त वाहिकाओं के सिकुड़ने से शरीर का ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। ऐसे में हाई ब्लड प्रेशर से दिल संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।



---

## सेहत के लिहाज से बेहद फायदेमंद है चांदी की चेन पहनना, मिलते हैं ये बड़े लाभ

चांदी में एंटी-माइक्रोबियल यानि रोगाणुरोधी गुण पाए जाते हैं और ऐसे में इसका उपयोग संक्रमण से लड़ने में शरीर के घाव को भरने में भी सहायक हो सकता है।

फैशन स्टेटमेंट के रूप में चांदी की चेन, कई दशकों बाद एक बार फिर ट्रेंड में है। आजकल महिला-पुरुष दोनो ही चांदी की चेन पहनना पसंद कर रहे हैं, खासकर नेम पेंडेंट वाली चेन को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। ऐसे में अक्सर लोगों के मन में यह सवाल आता है कि चांदी की चेन या ज्वैलरी पहनना कितना सही है? कहीं इसका सेहत पर कोई गलत प्रभाव तो नहीं पड़ेगा? अगर आपके मन में भी कुछ ऐसे ही सवाल हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए है, क्योंकि इस आर्टिकल हम आपको चांदी की चेन पहनने के स्वास्थ्य लाभ के बारे में बताने जा रहे हैं। इस बारे में हमनें महाराष्ट्र के शताब्दी हॉस्पिटल के स्किन स्पेशलिस्ट डॉ. विप्लव कांबले से बात की और उनसे मिली जानकारी यहां हम आपके साथ शेयर कर रहे हैं।

### संक्रमण से लड़ने में मददगार

डॉ. विप्लव कांबले बताते हैं कि चांदी एंटी-माइक्रोबियल यानि रोगाणुरोधी गुण पाए जाते हैं। ऐसे में इसका उपयोग संक्रमण से लड़ने में मददगार हो सकता है और इस तरह से यह शरीर पर पड़े घाव को भरने में भी सहायक हो सकता है।

### तापमान नियमित करने में सहायक

चांदी का उपयोग शरीर के आंतरिक तापमान को नियंत्रित करने में सहायक होता है और इससे शरीर में उत्पन्न ऊर्जा का संतुलन भी बढ़ता है। ऐसे में इससे हाई बल्ड प्रेशर का खतरा कम हो सकता है और मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर रह सकता है। वहीं चांदी का प्रयोग से



एंजाइटी जैसे मानसिक रोग के उपचार में भी सहायक माना जाता है।

### समस्याओं को पहचानने में मददगार

जी हां, चांदी स्वास्थ्य समस्याओं को पहचानने में भी मददगार हो सकती है। दरअसल, चांदी जैसे ही किसी टॉक्सिन के संपर्क में आती है, तो इसका प्राकृतिक रंग बदल जाता है। जैसे कि अगर आपके पहनी हुई चांदी की चेन या दूसरे गहने का रंग नीले या गहरे रंग में तब्दील हो जाता है, तो यह संकेत है कि आपके शरीर में सोडियम के स्तर बढ़ चुका है। ऐसी स्थिति में आपको अपने आहार में नमक की मात्रा कम करने की जरूरत होती है।

### चांदी पहनते वक्त रखें ध्यान

देखा जाए तो चांदी अपने प्राकृतिक गुणों के चलते सेहत के लिए काफी हद तक लाभकारी होती है। लेकिन कुछ विशेष स्थितियों में ये हानिकारक भी हो सकती है। जैसे कि जिन लोगों को किसी तरह स्किन एलर्जी हो या फिर चांदी की धातु से एलर्जी हो उनके लिए इसकी चेन या चांदी का कोई दूसरा गहना पहनना हानिकार प्रभाव भी दे सकता है।

---

## क्या ब्रह्ममुहूर्त में तोड़ सकते हैं तुलसी के पत्ते?



तुलसी के पौधे को बेहद पवित्र और पुजनीय माना गया है। इनकी पूजा करने से व्यक्ति को शुभ परिणाम मिल सकते हैं। हिंदू धर्म में तुलसी को बेहद प्रिय और पुजनीय माना गया है। इसी कारण सभी के घरों में तुलसी का पौधा लगा हुआ होता है। तुलसी को लोग तीर्थ स्थान की समझकर पूजा-पाठ करते हैं। हर मंदिर में तुलसी का पौधा होता है और सभी धार्मिक अनुष्ठानों में ही तुलसी का उपयोग किया जाता है। लोग दिन के अनुसार तुलसी के पत्ते तोड़ते हैं, लेकिन क्या ब्रह्म मुहूर्त में तुलसी के पत्ते तोड़ना शुभ माना जाता है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

### क्या ब्रह्ममुहूर्त में तुलसी के पत्ते तोड़ना है शुभ?

अगर आप तुलसी के पत्ते ब्रह्ममुहूर्त में तोड़ते हैं, तो इसे शुभ माना जाता है, लेकिन इसे तोड़ने के भी नियम होते हैं। ऐसी मान्यता है कि ब्रह्ममुहूर्त (ब्रह्ममुहूर्त मंत्र) में सभी देवी-देवता नींद से जागते हैं और यह समय किसी भी मनोकामना पूर्ति के लिए बेहद उत्तम माना जाता है।

इस विधि से तोड़े में ब्रह्ममुहूर्त में तुलसी के पत्ते

अगर आप ब्रह्म मुहूर्त (ब्रह्म मुहूर्त उपाय) में तुलसी के पत्ते तोड़ते हैं, तो सबसे पहले स्नान करें और अपने ईष्टदेव का ध्यान करें। उसके बाद पूजा-पाठ करें। पश्चात तुलसी के पौधे के पास जाएं और प्रणाम करके तुलसी के 21 पत्ते तोड़ें। इससे किसी भी प्रकार का दोष नहीं लगता है और व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन भी हो सकता है।

---

कार्नर न्यूज

इस खास त्यौहार पर कीजिए कुछ अलग हट के तैयारी

# लोहड़ी पर जरूर बनाएं ये खास पंजाबी व्यंजन, आपका त्यौहार बन जाएगा खास

नया साल शुरू होने के बाद लोहड़ी का त्यौहार आता है, जिसे बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। ऐसे में अगर आप लोहड़ी के त्यौहार पर चार चांद लगाना चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए मददगार साबित हो सकता है क्योंकि हम आपको कुछ पंजाबी रेसिपीज बता रहे हैं। लोहड़ी साल का पहला त्यौहार है, जिसे मकर संक्रांति के पहले मनाया जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से कृषि को समर्पित होता है। कहा जाता है कि इस फेस्टिवल को तब मनाया जाता है, जब फसल अच्छी होती है। वैसे तो ये पूरे देश में सभी धर्मों के लोगों द्वारा मनाया जाता है, लेकिन सिख समुदाय इस पर्व को बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है।

इस दिन लोग एक दूसरे को बधाइयां देते हैं और पॉप कॉर्न और गुड़ का भोग लगाया जाता है। फुल पंजाबी स्टाइल में इस फेस्टिवल को सेलिब्रेट किया जाता है। हालांकि, इस फेस्टिवल को सेलिब्रेट करने के लिए मीठे व्यंजन बनाए जाते हैं, लेकिन अगर आप चाहें तो नमकीन व्यंजन भी बना सकते हैं।

### गुड़ की रोटी की रेसिपी

सर्दियों में गुड़ का सेवन ज्यादा किया जाता है, क्योंकि यह हेल्थ के



लिए काफी फायदेमंद होता है। वहीं, गुड़ का इस्तेमाल लोहड़ी और मकर संक्रांति के मौके पर भी कई तरह से किया जाता है। ऐसे में अगर आप लोहड़ी के दिन कुछ डिफरेंट बनाने की सोच रहे हैं, तो नीचे बताए गए स्टेप्स को फॉलो करें।

सबसे पहले एक पैन में दूध डालकर गर्म करने के लिए रखें। जब दूध में एक उबाल आ जाए तो आंच धीमी कर लें। इसे 1 मिनट पकाएं और फिर गैस को बंद करके अलग रखें। अब एक परात में आटा डालें और उसमें चुटकी भर नमक डालकर मिक्स करें। इसमें घी और गुड़ वाला दूध डालकर आटा गूंथ लें। आपको दूध कम लगे तो ऊपर से और दूध डाल सकती हैं। इसे गूंथकर 5 मिनट के लिए रेस्टिंग पर रखें। इसके बाद पराठे के लिए लोइयां लेकर बेल लें। तवे में घी लगाएं और पराठों को घी में अच्छी तरह से सेंक लें। फिर इन्हें गुड़ के छोटे-छोटे टुकड़ों के साथ सर्व करें।

### दही भल्ले की रेसिपी

अगर आप कुछ नमकीन ट्राई करना चाहते हैं, तो दही भल्ले ट्राई कर सकते हैं। दही भल्ले बनाने के लिए सबसे पहले दाल को पानी में भिगोकर रख दें। फिर पानी निकालकर मिक्सर ग्राइंडर में डालकर पीस लें। फिर पीसी दाल को लगातार चलाते हुए एक ही दिशा में अच्छी तरह से फेंट लें। साथ ही, एक कड़ाही में तेल गर्म करें और पीसी हुई दाल में सभी मसाले डाल दें।


सभी मसाले डालने के बाद दाल के गोले बनाएं और हल्की आंच पक भल्ले को फ्राई कर लें। इस दौरान आप भल्ले में बेकिंग सोडा डाल सकते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कैटी ने ट्रूडो को किया किस, अपने एक्स ऑरलैंडो को भी किया टैग



कैटी पेरी ने 2026 की अपनी पहली पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने उनके नए बॉयफ्रेंड जस्टिन ट्रूडो के साथ एक प्यारी तस्वीर शेयर की। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इसी पोस्ट में कैटी ने अपने पूर्व मंगेतर ऑरलैंडो ब्लूम की भी तस्वीर शेयर की है। पॉप स्टार कैटी पेरी ने अपने नए बॉयफ्रेंड, कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ रोमांटिक तस्वीरें शेयर कीं। इसी पोस्ट में उन्होंने अपने पूर्व मंगेतर ऑरलैंडो ब्लूम की तस्वीरें भी डालीं। कैटी की ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। कैटी की इन तस्वीरों पर यूजर्स अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

कैटी पेरी ने 7 जनवरी को इंस्टाग्राम पर अपनी छुट्टियों की तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने इसे 'हॉलिडेज' नाम दिया। इसमें परिवार के साथ क्रिसमस और नए साल की कई झलकियां दिखाईं। एक तस्वीर में कैटी नाव पर जस्टिन ट्रूडो को किस करती नजर आईं। इसी पोस्ट में उनकी 5 साल की बेटी डेजी डोव को ऑरलैंडो ब्लूम के साथ खेलते दिखाया गया। ऐसा लग रहा था कि कैटी ने पूर्व मंगेतर के साथ भी क्रिसमस मनाया। कैटी पेरी और ऑरलैंडो ब्लूम ने 2019 में सगाई की थी। 2020 में उनकी बेटी हुई। नौ साल साथ रहने के बाद जून 2025 में दोनों अलग हो गए। लेकिन वे बेटी की परवरिश साथ मिलकर कर रहे हैं और अच्छे दोस्त बने हुए हैं। अलग होने के कुछ महीनों बाद कैटी और जस्टिन ट्रूडो के डेटिंग की खबरें आईं। अब दोनों ने सार्वजनिक जगहों पर साथ दिखकर और सोशल मीडिया पर पोस्ट करके अपना रिश्ता ऑफिशियल कर दिया है। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने कैटी की तारीफ की।

### टॉलीवुड

## सीबीएफसी जारी करेगा 'जन नायकन' का सर्टिफिकेट



साउथ सुपरस्टार थलापति विजय की फिल्म 'जन नायकन' की रिलीज का रास्ता साफ होता दिख रहा है। शुक्रवार को इस मामले पर मद्रास हाईकोर्ट ने सेंसर बोर्ड को निर्देश जारी किए। अभिनेता से राजनेता बने थलापति विजय की फिल्म 'जन नायकन' का मामला सुलझ गया है। मद्रास हाईकोर्ट ने केस की सुनवाई में सीबीएफसी को निर्देश जारी किए हैं कि जल्द से जल्द इस फिल्म का सेंसर सार्टिफिकेट जारी किया जाए। हालांकि, कोर्ट का यह फैसला फिल्म की तय रिलीज टलने के एक दिन बाद आया। दूसरी तरफ खबर है कि मामले में, सेंसर बोर्ड सिंगल जज द्वारा दिए गए आदेश को चुनौती देते हुए चीफ जस्टिस की बेंच के सामने अपील दायर करेगा। कोर्ट का निर्देश आने के बाद टीवीके के लीगल विंग के डिप्टी कोऑर्डिनेटर चक्रवर्ती ने कहा, 'मद्रास हाई कोर्ट ने सीबीएफसी को टीवीके प्रेसिडेंट और एक्टर विजय की फिल्म 'जना नायकन' के लिए यू/ए 16+ सर्टिफिकेट जारी करने का निर्देश दिया है। सेंसर बोर्ड ने राजनीतिक कारणों से सर्टिफिकेट जारी नहीं किया। वहीं इस मामले पर टीवीके के स्टेट लीगल विंग की जॉइंट कोऑर्डिनेटर इंद्रा धनराज ने कहा, 'हमने 6 जनवरी को एक याचिका दायर की थी क्योंकि फिल्म को कोई सर्टिफिकेशन नहीं दिया गया था। तब मामला टाल दिया गया और आज फैसला सुनाया गया। मद्रास हाई कोर्ट ने याचिका मंजूर कर ली है।।। अगर फिल्म समय पर रिलीज नहीं होती है तो लोगों को बहुत नुकसान होता है, इसलिए मुआवजा दिया जा रहा है। फिल्म के 27 सीन भी काट दिए गए हैं। अगर सीबीएफसी इस मामले में अपील करता है, तो हम कोर्ट में उनका सामना करेंगे।' वहीं अब जब कोर्ट ने फिल्म को सर्टिफिकेट जारी करने का निर्देश दिया है ।

### छॉलीवुड

## सिंगर नितिन और शर्मिला का नया गीत 'तुमा के चानी' हुआ वायरल



2026 की शुरुआत के साथ ही मेलोडी किंग के नाम से मशहूर सिंगर नितिन दुबे और सुप्रसिद्ध गायिका एवं अभिनेत्री शर्मिला विश्वास की सिंगिंग जोड़ी ने एक नया छत्तीसगढ़ी गीत ₹तुमा के चानी₹ रिलीज़ किया है। रिलीज़ होते ही इस गीत को दर्शकों और श्रोताओं का बहुत प्यार मिल रहा है। इस गीत में सिंगिंग और एक्टिंग नितिन दुबे और शर्मिला विश्वास की सफल जोड़ी ने किया है और ये गीत लिखा है बुधराज चौहान ने,इस गीत का संगीत नितिन दुबे ने तैयार किया है, राम यादव के निर्देशन में बने इस नए एलबम के डी। ओ। पी। अभिजीत भारती हैं। नितिन दुबे छत्तीसगढ़ के सबसे ज़्यादा सब्सक्राइब किए जाने वाले और अमेरिका से पहला गोल्डन प्ले बटन अवार्ड पाने वाले पहले सीजी सिंगर हैं। उनके साथ सिंगर और अभिनेत्री शर्मिला विश्वास की सिंगिंग और अभिनय को लोग बहुत पसंद करते हैं और इस सिंगिंग जोड़ी के सभी गीत सुपरहिट हैं। ₹तुमा के चानी₹ में दर्शको को एक बार फिर अपने पसंदीदा सिंगिंग जोड़ी का नया गीत देखने और सुनने को मिल रहा है। शर्मिला विश्वास न सिर्फ एक अच्छी गायिका हैं बल्कि वो अपने सुपरहिट गीतों में बेहतरीन अभिनय के लिए भी जानी जाती हैं,इसी क्रम में ₹तुमा के चानी₹ एलबम में उन्होंने गायन,अभिनय तो किया ही है बल्कि उन्होंने इस एलबम में कॉस्ट्यूम डिजाइन भी किया है।दर्शकों के बीच वो हमेशा अपने गीतों को एक नया लुक देने के लिए जानी जाती हैं।



लाइफ स्टाइल

नए दौर का ट्रेंड

2026 के फैशन ट्रेंड्स में बोल्ड कलर, शिमर, वेलवेट और मेटैलिक जैसे शानदार टेक्सचर के साथ स्टेटमेंट पीस पर ज़ोर दिया जा रहा है। यह ट्रेंड लाल, हरे व इलेक्ट्रिक ब्लू जैसे चमकीले रंगों और पेडल पुशर जैसे रेट्रो लुक के साथ ₹लाउड लग्ज़रीृ की ओर बढ़ रहा है। साथ ही वर्सेटाइल स्टाइलिंग के लिए कैप्सूल वॉर्डरोब जैसे सस्टेनेबल आइडिया को भी शामिल किया गया है, जिसमें ग्लैम और कम्फर्ट के मिक्स के लिए सेक्विन पैंट, चंकी ज्वेलरी और ओवरसाइज़ ब्लेज़र जैसे बदलाव शामिल हैं।

## स्किन केयर में होने वाली इन गलतियों से खो सकता है आपकी त्वचा का निखार



अक्सर लोग ऐसा सोचते हैं, कि सर्दी के मौसम में सनस्क्रीन का इस्तेमाल क्यों ही करना? लेकिन क्या आप जानते हैं, कि गर्मी की तरह ही सर्दी के मौसम में भी सनस्क्रीन जरूर इस्तेमाल करनी चाहिए। सर्दी में निकलने वाली धूप में भी कई ऐसे तत्व होते हैं, जो त्वचा को काफी नुकसान पहुंचाते है। सही स्किन केयर रूटीन बनाने के लिए अपने स्किन टाइप को न जानना एक मिस्टेक हो सकता है।

अलग-अलग स्किन टाइप्स के लिए विभिन्न प्रोडक्ट्स होते हैं, और यदि आप अपनी स्किन को अच्छे से समझते नहीं हैं, तो आप गलत प्रोडक्ट्स का उपयोग कर सकते हैं, जो त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। सर्दी के मौसम में ज्यादा प्रोडक्ट्स का उपयोग करना भी एक मिस्टेक हो सकता है। अगर आप बहुत सारे प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं, तो ये भी त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

समय के साथ स्किन चेंज हो सकती है, और यदि आप अपनी स्किन केयर रूटीन में कभी-कभी परिवर्तन नहीं करते हैं, तो यह एक मिस्टेक हो सकती है।सही मॉइस्चराइजर का चयन न करना भी एक आम मिस्टेक हो सकता है। आपकी स्किन को मॉइस्चराइजर की बेहद जरूरत होती है। ऐसे में आपकी स्किन टाइप के अनुसार सही मॉइस्चराइजर का चयन करना काफी महत्वपूर्ण है।

स्किन केयर की गलतियों में ज़्यादा/गलत क्लींजिंग, सनस्क्रीन छोड़ना, हाइड्रेशन की कमी, खराब नींद, अनहेल्दी डाइट, मेकअप के साथ सोना, और बहुत सारे प्रोडक्ट्स का एक साथ इस्तेमाल शामिल हैं। यह त्वचा को रूखा, बेजान, डल और उम्र से पहले बूढ़ा बना सकते हैं, जिससे निखार खो जाता है। इन गलतियों से बचकर आप त्वचा का ग्लो बचा सकते हैं। सामान्य स्किन केयर गलतियाँ आपका निखार छीन लेती हैं। इनमें अत्यधिक या गलत क्लींजिंग,त्वचा के प्राकृतिक तेल को हटा देती है, जिससे रूखापन और मुंहासे हो सकते हैं। सनस्क्रीन न लगाना, यूवी किरणों से टैनिंग, झुर्रियां और पिगमेंटेशन बढ़ती है, चाहे मौसम कैसा भी हो। हाइड्रेशन की अनदेखीः पानी कम पीना और मॉइस्चराइजर न लगाना त्वचा को डल और बेजान बनाता है, झुर्रियां जल्दी आती हैं।

## ड्रेस के साथ बूट पहनकर दिखाना है जलवा तो इन बातों का रखें ख्याल







सर्दियों के मौसम में हर कोई घूमने का प्लान बनाता है। अगर आप भी सर्दियों में घूमने जा रही हैं, तो स्टाइल दिखाना तो लाजमी है। ऐसे में सर्दियों की शुरुआत होते ही हर लड़की विंटर के हिसाब से शॉपिंग करना शुरू कर देती है। हर लड़की के पास कई तरह की जैकेट्स होती हैं, जिन्हें पहनकर वो अपना जलवा दिखाती रहती हैं। सर्दियों के मौसम में जैकेट्स के साथ-साथ बूट्स भी लड़कियों को स्टाइलिश दिखने में मदद करते हैं।

बूट्स वैसे तो किसी भी आउटफिट के साथ अच्छे लगते हैं, लेकिन अगर इन्हें ड्रेस के साथ पहना जाए, तो इनका स्टाइल और ज्यादा क्लासी लगने लगता है। ज्यादातर लड़कियों को ड्रेस के साथ बूट पहनने का शौक होता है लेकिन अगर आप इसे गलत तरह से कैरी करेंगी, तो आपका लुक बिगड़ सकता है। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे, जिनको फॉलो करके आप ड्रेसेज के साथ बूट्स पहन सकती हैं।

### हील्स वाले बूट्स

अगर आप मिडी स्टाइल ड्रेस के साथ बूट्स कैरी करने का सोच रही हैं, तो अपने कमर में चौड़ी सी बेल्ट जरूर लगाएं। इससे आपका लुक और ज्यादा क्लासी लगेगा। बेल्ट लगाने से आपका फिगर काफी ज्यादा खूबसूरत लगेगा। इसके साथ हील्स वाले बूट्स पहनें।

### ऐसे कैरी करें थाई बूट्स

शॉर्ट ड्रेस के साथ हमेशा लंबी हाइट वाले बूट्स ही पहनें। इनकी हाइट तकरीबन 6 इंच होनी चाहिए। इससे आप सर्दी से भी बच जाएंगी और साथ में आपका स्टाइल भी काफी बोल्ड लगेगा।


### एंकल बूट्स

आप इसे किसी भी तरह की ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। बस इसे कैरी करते वक्त ध्यान रखें कि आपने मोजे जरूर पहन रखें हों। इससे आपके लुक में काफी ज्यादा बदलाव देखने को मिलेगा।

### टाइट्स के साथ भी दिखेगा अलग लुक

आप एंकल लेंथ बूथ को टाइट्स के साथ भी कैरी कर सकती हैं। ये आपको सर्दी से बचाएंगी और साथ में इसी से आपका लुक काफी क्लासी लगेगा।

## गोल चेहरे पर खूब जचेंगे ट्रेंडी हेयर स्टाइल्स



अपने लुक को आकर्षक और स्टाइलिश बनाने के लिए आउटफिट से लेकर मेकअप तक सभी चीजें जरूरी होती है, लेकिन इसके साथ-साथ अपने बालों के हिसाब से परफेक्ट हेयर स्टाइल चुनना भी लुक के लिए काफी जरूरी होता है। वहीं कई बार हमारे बाल मौसम के कारण बाल पतले होने लगते हैं और किसी भी तरह का हेयर स्टाइल हम पर आसानी से सूट भी नहीं करता है। इसके अलावा कई लोगों के बाल जन्म से काफी पतले होते हैं। अगर आप भी उन्हीं में से एक हैं और अपने पतले बालों के लिए परफेक्ट हेयर स्टाइल नहीं चुन पा रही हैं तो इस आर्टिकल को आखिर तक जरूर पढ़ें। इसमें हम आपको दिखाने वाले हैं कुछ ऐसे हेयर स्टाइल जो पतले बालों के लिए हैं बिल्कुल परफेक्ट। साथ ही बताएंगे उनसे जुड़ी अमेजिंग स्टाइलिंग टिप।

### ओपन हेयर स्टाइल

पतले बाल अक्सर खुले रखने पर काफी बेजान से नजर आने लगते हैं। ओपन हेयर स्टाइल को बाउंसी लुक देने के लिए आप ब्रेड का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आप फ्रंट या साइड में ब्रेड बना सकती हैं। बचे हुए लेंथ को अप कर्ल्स कर सकती हैं।

### ऐसे बनाएं ब्रेड

अगर आपके बाल पतले हैं तो आप इसे हैवी लुक देने के लिए फेक हेयर एक्सटेंशन का इस्तेमाल कर सकती हैं। साथ ही कोशिश करें कि आप फ्रंट में ब्रेड बनाएं और एक की जगह 2 से 3 तरह के ब्रेड बनाने की कोशिश करें। ब्रेड को सजाने के लिए आप बीड्स का

## स्टाइलिश चश्मा पहनने का शौक है तो सेलेब्स से लें आइडिया



हम हमेशा से अपने सेलिब्रिटी या बॉलीवुड एक्टर्स के चश्मे की तरह अपने लिए ग्लास लेना पसंद करते हैं। इसलिए जब किसी फिल्म या अल्बम में न्यू स्टाइल का चश्मा दिखता है तो उसे खरीदने के लिए बेताब हो जाते हैं। मगर चश्मा खरीदने से पहले कुछ बातों को जानना जरूरी है। सनग्लास केवल हमारे फैशन को निखारने का काम नहीं करते हैं। इनको पहनने के कई अन्य फायदे भी हैं। इस हिसाब से भी हमें अपने वार्डरोब में चश्मे को जगह देनी चाहिए।

### ओवरसाइज्ड चश्मा

ओवरसाइज्ड चश्मा पहनने का फैशन नया नहीं है। लेकिन इन दिनों उसका प्रचलन तेजी से बढ़ा है। क्योंकि आजकल के गानों या फिल्मों में इस तरह के सनग्लास को खूब दिखाया जा रहा है। कहीं न कहीं इन चीजों की छाप हमारे ऊपर पड़ती है। गायक बी प्राक इन दिनों छाए हुए हैं। एक के बाद एक सुपरहिट गानों के साथ उन्होंने दिल जीत लिया हैं। इसके अलावा उनके ओवरसाइज्ड चश्मे को पसंद किया जा रहा है। वाकई उनके ओवरसाइज्ड चश्मे कमाल के दिख रहे हैं। 'गोरे-गोरे मुखड़े पे काला-काला चश्मा' अक्षय कुमार की 1994 में आई फिल्म 'सुहाग' का यह गाना चश्मे के कारण निखरते फैशन को बयां करता है। अगर आज की बात करें तो उसी चश्मे को लेकर गाना आया 'तेनु काला चश्मा जचता वे'। इन गानों का मतलब यह है कि चश्मे के बिना फैशन पूरा नहीं हो सकता।

### ब्लैक चश्मा

काले चश्मे कमाल के होते हैं। अधिकतर लोग काला चश्मा कैरी करना पसंद करते हैं। वैसे भी ब्लैक कलर की बात ही कुछ और है। मगर लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से कुछ तलाश रहे हैं तो सनी कौशल की फोटो देखें। इनका काले रंग का चश्मा कमाल का दिख रहा है।

कार्नर न्यूज

### शादी की शेरवानी खरीदते वक्त जरूर रखें इन बातों का ध्यान, तभी मिलेगा परफेक्ट

## शेरवानी ऐसी चुने जो दुल्हनियां के साथ भाए लोगों को, महफिल की शान बन जाएंगे आप

हमने अक्सर शादी के घरों में देखा है कि लड़कियां तो शादी की तैयारी महीनों पहले से शुरू कर देती हैं, लेकिन लड़के अपनी शॉपिंग पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। जबकि शादी का दिन दूल्हा और दुल्हन दोनों के लिए ही बेहद खास होता है। इस दिन हर किसी की नजर दुल्हन के साथ-साथ दूल्हे पर भी होती है। ऐसे में दूल्हे को भी सबसे खास दिखना चाहिए।

आज के समय में होने वाले दूल्हों को शेरवानी पहनना काफी पसंद आता है। बाजार में उनकी पसंद के हिसाब से आसानी से शेरवानी मिल भी जाती है लेकिन कई बार ये देखा जाता है कि गलत तरह के वेडिंग आउटफिट का चयन करने के बाद रात भर पूजा के समय बैठना काफी मुश्किल हो जाता है। दरअसल, शादी के दिन जयमाला का बाद रस्में पूरी रात चलती हैं। ऐसे में दूल्हे को वही कपड़े पहनने पड़ते हैं, जिन्हें पहनकर वो घोड़ी चढ़े थे। ऐसे में अगर गलत आउटफिट का चयन हो, तो काफी मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है। इसी के चलते आज हम आपको दूल्हे के



आउटफिट का चयन करने के कुछ टिप्स बताएंगे।

### क्या पहन सकते हैं

अगर ज्यादा ठंड का मौसम है तो आप सूट को भी चुन सकते हैं, लेकिन शेरवानी शादी के दिन सबसे खास दिखती है। ऐसे में कोशिश करें कि अपनी शादी के दिन शेरवानी का ही चयन करें।

### फैब्रिक का रखें ध्यान

अगर आप रेडीमेड शेरवानी खरीद रहे हैं तो उसे अच्छे से पहनकर देख लें। कई बार पायजामी का कपड़ा इतना ज्यादा कड़क होता है, कि उसे पहनकर बैठे रहना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में ध्यान रखें कि शेरवानी का फैब्रिक ऐसा हो जिसमें आपको उलझन ना होने पाए।

### फिटिंग का रखें ध्यान

आपका शेरवानी ना तो ज्यादा टाइट होनी चाहिए और ना ही ढीली। अगर शेरवानी ज्यादा टाइट होगी तो इसे पहनकर बैठे रहना काफी मुश्किल होगा, लेकिन अगर ये ज्यादा ढीली होगी तो आपका लुक भी बिगड़ सकता है। ऐसे में शेरवानी की फिटिंग एक दम परफेक्ट ही कराएं।

### रंग का रखें ध्यान

वैसे तो आजकल पेस्टल रंग काफी ज्यादा चलन में हैं, लेकिन कई घरों में दूल्हा और दुल्हन को हल्के रंगों से दूर रखते हैं। ऐसे में आप गोल्डन-सिल्वर, गोल्ड-ब्लैक, गोल्डन-औरेंज, रेड-गोल्डन रंगों को चुन सकते हैं। अगर आपके घर पेस्टल पहनने में कोई दिक्कत नहीं है तो ये एक आइवरी रंग एक बेहतर विकल्प है।

